यू० पी० और बिहार आज पूरे देश में 15वें और 16वें नम्बर पर क्यों हैं? इसलिये कि वहां नेवटिया और बिरला आदि ही भरे पड़े हैं। इस मामले पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिये।

1969 में जो कमीशन बना, उसके आधे सदस्यों की रिपोर्ट पर इस सदन में विचार नही किया गया। इतने दिनों तक सरकार इस बारे मे कुछ नही कर सकी है; अब उसको इस सम्बन्ध में निर्णय करना चाहिये। श्री मुकर्जी नौजवान आदमी हैं, श्री सुब्रह्मण्यम् . . .

एक माननीय सदस्य : बूढ़े हैं।

श्री गेंदा सिंह : . . . समझदार आदमी है। वे बूढे है, तब भी वे काम करने वाले आदमी हैं।

मेरा अनुरोध है कि वह इसका कुछ उपाय करे और यू० पी० तथा बिहार के लोगो का उद्धार करें।

जहा तक कपड़े का सम्बन्ध है, कण्ट्रोल्ड कपड़ा, टैक्सटाइल कमिश्नर, और टैक्स-टाइल कमेटी, ये सब चीजें इतने बखेडे की हैं कि मेरी समझ में नही आती है। कण्ट्रोल्ड कपड़ा गरीब आदमी को मिलना चाहिये, लेकिन क्या वह उनको मिल पाता है? मिलों को 24, 25 परसेंट कपड़ा बनाना चाहिये। प्राइवेट मिलें कण्ट्रोल्ड कपड़ा नहीं बनाती हैं, दग़ाबाज़ी करती हैं। उन मिलों पर सरकार का पूरा कब्ज़ा होना चाहिये। जब तक ऐसा न हो, तब तक सरकार को कोशिश करनी चाहिये कि रूई पैदा करने वाले मुसीबत में न पड़े और कपड़ा खरीदने वाले गरीब आदमी भी मुसीबत में न पड़े।

सरकार के हाथ में जो 105 मिलें हैं, उनके द्वारा कंट्रोल्ड कपड़ा बनवा कर लोगों को दिया जा सकता है। जो दूसरे कारखाने हैं, उनसे भी कण्ट्रोल्ड कपड़ा बनवा कर सरकार अपनी मशीनरी के द्वारा लोगो को दे सकती है। श्री मुकर्जी अपनी मशीनरी को ठीक करें। मुझे उस मशीनरी में बहुत गड़बड़ मालूम हुई है।

बम्बई में 8, 10 रोज रह कर मैंने टैक्सटाइल कमिश्नर के कार्यालय के मामलों को जानने की कोशिश की। हमारे मिनिस्टर नौजवान लोग हैं। इन नौजवान लोगों से काम लेना चाहिये। यहां दिल्ली में बैठ कर या केवल हवाईजहाज पर उड़ने से काम नहीं होगा। अगर वह जमीन पर रहेंगे तो सरकारी मशीनरी उनके दबाव में आयेगी और उनकी बात सुनेगी। हवाई जहाज पर उड़ने की बात गरीब आदमियों की समझ में नहीं आती है।

तीसरी बात एक और कहना चाहता हूं। रिजर्व बैंक है, फाइनेंस डिपार्टमेंट से इसका रिश्ता बड़ा बना है। इसी का है शायद रिजर्व बैंक। इसको क्रेडिट न देने का, क्रेडिट कण्ट्रोल करने का अख्तियार है। बहुत अच्छा है। लेकिन कहां करते हैं ये कण्ट्रोल ? कण्ट्रोल करते हैं कि गन्ना के किसान को दाम नहीं देने देंगे। रूई के दाम को नहीं देने देंगे, जूट के किसान को दाम नहीं देने देंगे। प्रणव जी जरा सोचें इस चीज को। बहुत कुछ कण्ट्रोल किया, मुनाफे को कण्ट्रोल किया, डिविडेंड को मना किया, बहुत अच्छा काम किया। लेकिन गन्ने का किसान, काटन का किसान, जूट का किसान आज बैठा बैठा रो रहा है। अरबों रुपये उसके बकाया पड़े हुए हैं। आप बकाया देने को मनाही नहीं करते हों। लेकिन बकाया उसको मिल कहां पाता है ? आप क्यों नहीं ऐसा इंतजाम करते कि रिजर्व बैंक से जिस वक्त वह पैसा लें वह पैसा सीधा किसानों के घर जाय। ऐसा कुछ हुआ था पहले। लेकिन नहीं हो सका यह। सुब्रह्मण्यम् साहब एग्रीकल्चर मिनिस्टर रह चुके हैं। मैं प्रणव जी से भी कहना चाहता हूं। इंदिरा जी को बार बार हर मामले में पकड़ना नहीं चाहता, यह काम आप लोगों को करना है, नौजवान लोग जो मिनिस्टर बैठे हैं उनका काम है यह कि इस तरह की बातों को ठीक रास्ते पर ले आवें। अगर वह सख्त रहेंगे तो यह काम हो सकता है। फिर मैं उनसे कहता हूं कि रिजर्व बैंक को जरा अकल सिखाएं कि रिजर्व बैंक अगर क्रेडिट कण्ट्रोल करना चाहता है तो उससे किसान न मरने पाए। वह खाद इस साल नहीं ले सका, उसका गेहूं ठीक नहीं हो सका।

SHRI VIRENDRA AGARWAL (Moradabad): The Finance Minister has painted a rather rosy picture of economic outlook for 1975. The marginal tax concessions totalling Rs. 33 crores have been widely appreciated. It is true that the decline in prices of nearly 7 per cent in the last 7 months has created a good economic climate, but it is equally true that the Government has entirely concentrated on curbing he demand and credit in the legitimate economy. The Government is still not in a mood to tackle political corruption or to curb the parallel economy and sweep away the regime of price controls, high excise duties and special rates of direct taxation which had given birth to the parallel economy. As a result, the flow of funds into the black economy continues to remain unchecked. If the Government really wishes to ensure the economy against a further bout of inflation, the right course of action for it will be to reduce the floating cash at the disposal of the parallel economy and increase judiciously the credit and other facilities needed by the legitimate economy to finance a higher level of production.

We as a nation are grouping in the dark, while the economy continues to remain in the doldrums. The Finance Bill of 1975-76 lacks Government's response to the unmistakable signs of a deteriorating state of affairs, though the Government always claims to be committed to growth and stability and also to eradicate poverty and inequality. The Finance Minister had an excellent opportunity to introduce certain fiscal measures which could have revived the economy in the pre-election year, but he has missed the bus. The current wave of political unrest in the country stems from the fact that prolonged economic stagnation, mounting shortages, inflation

[Shri Virendra Agarwal]

and growing unemployment have greatly widened the gap between the privileges enjoyed by a small segment of the society and the burdens borne by the masses of the people. The investment famine which began in 1966 and the shortages to which it has given rise have greatly accelerated the divorces of power from accountability in the economic sphere. It has heightened inflationary pressures and brought about a sharp fall in the real incomes of the vast majority of the people. It has given a tremendous boost to the black market and greatly increased tax evasion particularly by the self-employed and the owners of the small-scale enterprises. The net result is a rapid transfer of incomes from the poor to the rich, and more specifically from the wage and salary earners to the self-employeds.

It is widely recognised that the panacea for all our economic ailments lies in fiscal reforms. If the price stability is to be made a permanent feature of the economy and growth is to be accelerated at a faster pace and economic Swaraj made a reality, then rationalisation of the tax structures can no longer be postponed. The constant raising of tax rates year after year has reached the situation point while they inhibit generation of further wealth, attract the law of diminishing returns which implies lower revenues to the exchequer and creation of black economy. None of the national objectives can ever be achieved if this policy is not immediately reversed. On the one hand we have to accelerate the pace of growth and on the other we have to create demand, implying were purchasing capacity in the hands of the people. The U.S. Government has recently announced a tax cut amounting to 70 billion dollars which means that the tax collected from the people has been returned to the people so that they can buy more from the market, thus raising the purchasing capacity of the people.

What is required today is to cultivate a philosophy of growth which is non-inflationary and will in fact counter inflation by balancing supply against demand rather than think of anti-inflationary measures which inhibit growth and make no appreciable difference to prices. This is precisely what has been happening in recent months during which anti-inflationary measures of doubtful effectiveness have been operating. The Government can certainly congratulate itself on a temporary phase of price stability, but we are doing at the cost of growth.

A higher growth rate is the most effective answer to meet the situation, but the crux of the matter is that under the system of heavy taxation there is little margin to save and even less inducement to earn. We all know that private investments are deflationaary in character while public investments have always resulted in inflation. The combined effect of confiscatory tax rates, high prices and heavy excise duties leaves little scope for a surplus after meeting normal expenses and consequently there is no scope for investment from assessed incomes. Unless this scope is enlarged and suitable incentives are provided for investment in priority sectors, all talk of growth will have little meaning. Domestic saving which constitutes the largest single item in investment is not coming up to expectations. The steep rise in the price level as well as direct taxation has adversely affected it.

On the Reserve Bank's estimates, the computed savings in real terms have increased only by Rs. 329 crores in 1973-74, which is negligible. As regards capital formulation again there was a significant decline in the corporate sector, gross capital formation being only 9 per cent as against 13.5 per cent in the preceding year. What do we need today? We know that the Government should immediately introduce some bold steps to encourage domestic and corporate

savings and induce savings and investment.

The Finance Minister should have taken courage to limit taxation to 50 per cent, upto Rs. 2 lakhs, and introduced a slab of Rs. 2 to 3 lakhs with a tax rate of 50 to 60 per cent and a rate of 70 per cent on slab above Rs. 3 lakhs.

This rationalisation of taxation should be linked with a scheme of compulsory savings and investment in priority industries. This is the only way to bring about not only industrial expansion but an entirely new climate of confidence in the country. We feel really disappointed year after year when we plead with the Finance Minister that he must do something to raise tax exemption limit to Rs. 10,000. The rupee value has been hopelessly corroded and eroded and we know that the value of the rupee is no more than 25 paise. The people in the lowest income group find it difficult to meet both ends. In such circumstances, I would lead with the Finance Minister again to think seriously and raise the tax exemption limit to Rs. 10,000. I think it is absolutely necessary when we talk so much terms of socialism, social justice, inequality and what not. Similarly, if we really want that the lower income group should participate effectively in democratisation of industrial structure, then we have to see that the smaller group could raise really the rate of saving, which is possible only when the tax exemption limit on dividend income is raised to Rs. 10,000.

I really see that so long as vital issues are not tackled properly, we can never revive economy. I really would like to plead with the Finance Minister to constitute a cell in the Finance Ministry which could advise the Finance Minister now and then on the question of tax measures, how it bring revenues to the exchequer, whether people are really capable enough to pay tax, and if they pay tax, to extent, the exchequer really gets revenue. I feel, at the moment, this Ministry has no machinery, whatsoever, to advise the Finance Minister on such vital issues. We have seen here that the small sector, a small industry like *khandsari* and power-loom were subjected to very serious and hard taxation measures. I know that the Finance Minister always champions the cause of the farming community. I know that the Finance Minister stands for the labour community. What happens when he comes to the real task? I know while replying to the Budget debate, he did not favour granting remunerative price to the farmer or to give higher DA to Government Employees. I would like to deal with this particular question, because I certainly see that so long as we, as a nation, are not able to raise productivity, either in the farm or at the factory, we really cannot move further very fast.

Workers in organised industry have to fight for every increase in wages even those designed merely to offset the rise in cost of living and in the process have suffered a steady erosion of their real income.

Sir, we are happy that the Finance Minister, at the moment, is negotiating with the trade unions to evolve some sort of a uniform D.A. formula and also to talk in terms of wage structure. I feel that we have reached a sutuation when we must allow the working classes in this country to have a sense of belonging, a sense of participation in the national endeavours if they really want them to raise productivity.

As for the tenants, farmers and agro-labourers who actually till land and are therefore the most important segment of the country's working population, they have neither security of job nor security of tenure. Even this is not the whole story. The Government fixes absurdly low prices for their products. The nation's prosperity largely depends on

whether the workers and farmers are able to raise their living standards or not. If they continue to be neglected in a socialist State, it simply means that the Governmen is determined to betray them. Economy will constantly grow at a faster rate of the farmers and workers get higher income because that would certainly lead to higher productivity and higher G.N.P.

With these words, I would advocate for a national wage policy for all the employees, whether they are in Government, private or public sector, and also a realistic price policy for all agricultural products, including sugarcane, rice, wheat, jute and cotton. Further, I would like to go into two or three items individually. I must congratulate the Finance Minister for having introduced the compounded levy in the case of *khandsari* units. I think, he has really saved a cottage industry, a small-scale industry, from being liquidated. But the amount of levy he has put on khandsari now is too high. He has raised it by 2½ times. I think, it is too much. If you see the figures, in 1960-61, the incidence of excise duties on per quintal of khandsari was only Rs. 1 50 p.; it was raised to Rs. 10 in 1973-74. According to your own original formula, it had gone to as high as Rs. 49. According to your latest formula, it will be about Rs. 25. I feel, Rs. 25 per quintal on an industry like khandsari is very high. The Finance Minister should really consider seriously whether we really want a small-scale industry to prosper in this country or not. I do not think that the Finance Minister is interested in helping the Indian sugar mills to exploit the farmers or the labourers. But still somehow the Finance Minister is granting concessions after concessions to the sugar mills while the small-scale industry like khandsari remains at the mercy of the big mill-owners. Therefore, I would request the Finance Minister to consider seriously to reduce the compound levy to at least 20 per cent.

In U.P., as you all know, the State Government has imposed a levy of 25 per cent on khansari industry. This particular aspect must be taken into account by the Central Government while imposing any Central excise duty at least in Uttar Pradesh.

These are the proposals that I would like to submit. I feel, if they are properly looked, into, I do not see any reason why the khansari industry cannot continue to play a vital role in consuming all the sugarcane which is not used by sugar mills after the crushing season.

In respect of the powerlooms, I know, the Finance Minister has been liberal enough to reduce the duties. Previously, from 1 to 4 powerlooms, the duty was Rs 10; from 5 to 24 powerlooms, it was Rs. 75 and from 25 to 49, it was Rs. 150. Now, what you have done is, from 1 to 2 powerlooms, it is Rs. 50; from 2 to 4, it is Rs. 100 and from 4 to 49, it is Rs. 200. It means that a small man with 1 to 4 powerlooms will find it really difficult to servive. That is the real problem We know that this small man having 1 to 4 powerlooms does not have the latest modern technology; he does not have the marketing facilities; he does not have the banking facilities; he does not have the technical know-how. I feel, these small people who are really in thousands in different parts of the country would suffer a great deal if the excise duty on powerlooms is not further reviewed.

Similarly, the Finance Minister has done nothing so far as *bidis* are concerned. *Bidi* industry is a very big industry in my area. There are a very large number of people engaged in this industry. I know that various Committees appointed, by the Governument, like the Venkatappaiah Committee, the Raghu Ramaiah Raghu Ramaiah Committee, have re-Committee, have recommended to the

Government that in no case *bidi* should be taxed in this form. They have always recommended that it is tobacco which is to be taxed and whatever is to be done, it should be done,in the case of tobacco.

Again in the case of bidi, while the excise duty on tobacco has been reduced from Rs. 4.60 to Rs. 3, an additional excise duty of Re. 1 per thousand *bidis* has been imposed. This is 67 per cent increase in excise duty while the Government will have a very extensive control on *bidi* movement. This is a tobacco purdiya on which the Finance Minister has imposed excise duty. It will really be a job for tax machinery to find out exactly where it is being manufactured and where it is not being manufactured. This is an industry where more than 30 to 40 lakh people are engaged and they would really go out of employment if something drastic is not done so that this industry could survive....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please try to conclude.

SHRI VIRENDRA AGARWAL: I think, the time allotted to me is 30 minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER: 20 minutes.

SHRI VIRENDRA AGARWAL: I will not go further on this because I do not have much time. I feel that the Finance Minister should do something about this *bidi* business.

The Union Government's Budget which totals up to Rs. 10,763 crores, an increase of Rs. 2,000 crores over the last year's Budget, it will mop up practically 20 per cent of the total national income in the country. We all know that inflation was not born yesterday; it has been creeping upon us as steadily as the size of the Budget has been growing.

We also know that a substantial part of our budgetary allocation is eaten up by increase in nondevelopmental and non-plan expenditure. As the Budget documents indicate, the consumption expenditure increased by 17.3 per cent this year while capital formation, the amount that goes into building the sinews of growth, showed a rise of only 4.1 per cent. This means that the resources mobilised by the State under the name of Plan and Defence will, actually, be eaten up by the bureaucracy or end up in the bottomless pit known as the public sector.

What are we doing to improve the productivity of capital? I think we have reached the saturation point in our national history when the Government must ask itself seriously the question as to exactly to what extent are they able to put the capital to the best use. The bulk of the nation's capital today is locked up in the unprofitable public sector.

We all know that the national objective is growth with stability. But we want to know whose stability it is. Is it that of the economy or of the ruling Party? At the moment the entire economic policy is such that one gets the impression as if the stability is needed, not of the economy or of the country, but of the ruling Party.

A disbursement of about Rs. 10,000 crores has been there. But the Finance Minister has not cared to mention anything about employment which, I feel is the most important national objective. The Finance Minister would do well to tell us and take the country into confidence as to what exactly would happen on the front of creating worthwhile employment for the people.

The present Government have no perspective, economic or social, and no deep commitment to growth or welfare. The entire fiscal system is hardly based on any valid social philosophy though the rulers are fond of talking about it. The Government, of course, is still groping in the dark.

[Shri Virendra Agarwal]

At the moment I feel that the economic system that they are trying to follow in this country has produced nothing but dishonest administration continues, we can never succeed either to revive the economy or to achieve economic Swaraj or full employment by the end of this Century.

श्री कृष्ण अग्रवाल (महासमुन्द) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं वित्तीय विधेयक पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । मैं आप के माध्यम से वित्त मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश की जटिल समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं । हमारा प्रदेश, मध्य प्रदेश, इस का विशेषकर छत्तीस गढ़ का क्षेत्र सूखे से ग्रसित है । इस वर्ष वर्षा कम होने के कारण हमारे क्षेत्र में पीने के पानी की विकट समस्या आ खड़ी हुई है । मध्य प्रदेश शासन अपने साधनों के अनुसार इस समस्या को हल करने हेतु प्रयत्न कर रहा है । इतने बड़े क्षेत्र में पानी की इतनी गम्भीर समस्या है कि अगर केन्द्रीय शासन द्वारा तुरन्त सहायता नहीं दी गई तो छत्तीसगढ़ क्षेत्र में लोग प्यास से मरने लगेंगे । मनुष्यों के साथ-साथ पशु धन की भी बहुत बड़ी संख्या में हानि होगी । हमारा देश कृषि प्रधान देश होने के कारण यहां पर पशु धन किसान की सब से बड़ी पूंजी होती है, उसके नष्ट होने से देश के उत्पादन पर बुरा असर पड़ेगा । हमारे क्षेत्र का किसान पहले से ही बहुत कर्ज में डूबा हुआ है, अगर पशु-धन का नुकसान हुआ तो इस नुकसान की कमी को वह जीवन भर कभी पूरा नहीं कर पायेगा । अतएव छत्तीसगढ़ क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या को हल करने के लिए केन्द्र को अति-शीघ्र ज्यादा से ज्यादा ट्यूब-वेल खोदने की मशीनें, जहां पर भी हों, जिस प्रदेश में भी हों, वहां से लेकर छतीसगढ़ में भेजनी चाहिएं । वैसे हमारे मुख्य मंत्री जी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री जी से विनती की है और उन से महाराष्ट्र में जो सिंचाई के काम में मशीनें लगाई हैं उन्हें मध्य प्रदेश के लिए मांगा है इसे भी दिलाया जाय एवं चूंकि हमारे क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या बहुत गम्भीर है, इस लिए यह बहुत आवश्यक है कि केन्द्रीय सरकार का ध्यान इस ओर शीघ्र जाना चाहिए ।

दूसरी बात यह है कि हमारे छत्तीसगढ़ में सूखा पड़ा है । प्रदेश शासन द्वारा अपनी सुविधानुसार ज्यादा से ज्यादा प्रयास जनता को राहत पहुंचाने हेतु दिया जा रहा है, परन्तु वह पर्याप्त नहीं है ।

राहत कार्यों में जो मजदूरी दी जाती है उस का रेट बहुत कम है । राहत कार्य की मजदूरी पुरुष को 2 रुपया 30 पैसा और स्त्री को 1 रुपया 70 पैसा दी जाती है । इस प्रकार दोनों व्यक्तियों को मिला कर कोई 4 रुपए मजदूरी मिलती है । इन चार रुपयों में उन को अपनी जीविका चलाना अत्यन्त कठिन ही नहीं बल्कि असम्भव है । यदि वे इन चार रुपयों में चावल ही खरीदना चाहें तो 2 किलो चावल भी नहीं मिलता है, तो फिर उन के परिवार की जीविका कैसे चलेगी । उन के लड़के, बच्चे, दीगर सामान—कपड़ा, दाल, साग आदि की व्यवस्था तो वे कर ही नहीं पायेंगे । अतएव मेरा अनुरोध है कि मजदूरी की दर जो राहत कार्यों के लिए दी जाती है उस को सरकार बढ़ाये । हमारे मध्य प्रदेश के शासन ने डिमाण्ड की है कि राहत कार्यों के लिए और ज्यादा केन्द्र से आर्थिक सहायता दी जाये । वित्त मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि हमारे प्रदेश की ओर वे विशेष ध्यान दें ।

मैंने पहले भी कृषि विभाग की मांगों पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि कृषि विभाग द्वारा तुरन्त-वापस (इमीडिएट रिटर्न) योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ क्षेत्र का प्रथम स्थान में चयन हुआ था । परन्तु आर्थिक अभाव के कारण यह कार्य हाथ में नहीं

लिया गया । हमारे देश मे एग्रीकल्चर विभाग ने एक सर्वे किया है कि कौन सा क्षेत्र ऐसा है जहां ज्यादा इन्वेस्टमेंट किया जाय ताकि उस का तुरन्त रिटर्न मिल सके। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ का इलाका प्रथम स्थान पर चुना गया । यह ऐसा क्षेत्र है जहां तुरन्त कुछ काम किया जाये, तो तुरन्त रिटर्न मिल सकता है । यह सौ करोड़ की स्कीम है। शिंदे साहब जब रायपुर गए थे तो उन्होंने एनाउन्स किया था लेकिन फाइनेंस की कमी के कारण वह स्कीम रोक दी गई है । मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि हमारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र जो अपने क्षेत्र की मांग को पूरा करने के बाद देश के अन्य प्रदेशों को लाखों टन चावल देता था वह आज खुद अपने लिए मोहताज है । आज उस क्षेत्र में खाने के लिए हम दूसरे प्रदेशो की ओर देख रहे हैं । अतएव वित्त मंत्री जी से मेरा अनुरोध है इस योजना को वे तुरन्त वहां लागू करें ताकि उस क्षेत्र की जनता को सहायता मिल सके ।

जब राज्यों का पुनर्गठन हुआ था तो आयोग ने उस समय यह सिफारिश की थी कि मध्य प्रदेश चार राज्यो को मिलाकर बनाया जा रहा है और क्षेत्रफल में यह देश का सबसे बडा प्रदेश होगा । देश का सबसे बड़ा और पिछड़ा हुआ प्रदेश होने के कारण इसकी आमदनी के जरिए कम हैं इसलिए यह आवश्यक है कि केन्द्र इसके विकास के लिए अधिक से अधिक सहायता करे। परन्तु केन्द्र द्वारा इस सिफारिश पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है । अभी भी हमारे प्रदेश में 3300 ग्राम 1500 से अधिक आबादी के हैं जो मुख्य सड़कों से जुड़े नहीं हैं। हमारे प्रदेश ने इस कार्य के लिए 80 करोड़ रुपए की मांग की थी ताकि 1500 या 1000 से अधिक आबादी वाले गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा सके परन्तु केन्द्र ने केवल 4-5 करोड़ रुपए ही दिए हैं । राज्य पुनर्गठन आयोग ने जो सिफारिश की थी उसको देखते हुए यह आवश्यक है कि राज्य सरकार ने जो मांग की है उसकी पूर्ति की जाये। जब आवागमन के साधन ठीक रहते हैं तभी किसान को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सकता है । मेरा विश्वास है वित्त मंत्री जी मेरे इस सुझाव पर अवश्य ध्यान देंगे ।

हमारे प्रदेश में प्राकृतिक खनिज पदार्थों का भण्डार है । हमारे यहां दुनिया का सबसे बड़ा लोह स्रोत आयरन-ओर का डिपाजिट बैलाडीला है । बैलाडीला का माल जापान जा रहा है लेकिन उसके अतिरिक्त भी वहां पर बहुत आयरन-ओर है । मेरा निवेदन है कि भविष्य में यदि कोई लोहे का कारखाना खोला जाये तो वह बैलाडीला मे खोला जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए वही उपयुक्त स्थान है । वहा से माल दूसरी जगह नहीं ले जाना पड़ेगा और इस प्रकार ट्रांसपोर्ट बचेगा । उसी प्रकार दूसरे धातुओं का भी हमारे यहां अपूर्व भंडार है । कोयले का जहां तक सवाल है, हमारे प्रदेश में कोयला बहुत है । हमारे यहां कोयले पर बेस्ड एक खाद के कारखाना का शिलान्यास आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कोरवा में किया था लेकिन मालूम नही कि किन कारणो से वह रोक दिया गया है । हमारे देश में खाद की बहुत ज्यादा मांग है । इस सत्र को देखते हुए भी जो कारखाना कुछ समय के लिए रोक दिया गया है, वित्त मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे और उस कारखाने को जल्द से जल्द वहां चालू कराने का प्रयास करेंगे ताकि हमारे देश मे जो खाद की मांग है उस को पूरा किया जा सके ।

15 hrs.

साथ ही कोयले पर बेस्ड बिजलीघरों को मध्य प्रदेश में लगाया जाना चाहिए क्योंकि वहां पर कोयला ज्यादा है । देखा यह जा रहा है कि देश के दूसरे प्रदेशों में जहां पर कोयला नहीं है, वहां पर बिजली घर लगाने की बात है । हमारे यहां से कोयला

[श्री श्री.ऽग अग्रवाल]

वहां पर ले जाया जाएगा। वैसे ही दूसरे माल को ढोने के लिए वैगनों की कमी है रेलवे विभाग में और अगर कोयला हमारे प्रदेश से दूसरे प्रदेशों को ले जा कर वहां बिजलीघर बनाए जायेंगे तो उस में और ज्यादा वैगन लगेंगे। इसलिए मेरा यह सुझाव है कि हमारे प्रदेश में क्योंकि कोयला ज्यादा है इसलिए वहीं पर बिजलीघर लगाए जायें और नए कारखाने भी हमारे प्रदेश में लगाए जायें। इस से हमारे प्रदेश की बेकारी की समस्या हल होगी। इसके साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि हमारे प्रदेश से लगे हुए जो दूसरे प्रदेश है उन की जो बिजली की जरूरत है, उन को जो कीमत बिजली उत्पादन में आती है उसी कीमत पर बिजली हमारा प्रदेश देगा। इसलिए मेरा सुझाव यह है कि हमारे प्रदेश से कोयला न ले जा कर बिजली घर हमारे प्रदेश में ही लगाए जायें और कारखाने स्थापित किए जाये।

इस साल बीडी पर जो एक रुपया प्रति हजार का नया कर लगाया गया है उस के बारे में भी मै कुछ कहना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, बीडी उद्योग हिन्दुस्तान में सब से बडा लघु उद्योग है और हमारे देश के लाखों मजदूरों के जीविकोपार्जन का यह एक साधन है। यह जो टैक्स लगाया गया है इसको वसूल करने के लिए सरकार को अतिरिक्त मशीनरी रखनी पडेगी। और उद्योग से जो सम्बन्धित लोग है, उन को इस का हिसाब किताब रखने के लिए इस्टाबिलिशमेंट रखना पड़ेगा। टैक्स वसूल करने के बारे में मेरा कोई एतराज नही है लेकिन मैं यह चाहता हूं कि एक रुपए प्रति हजार का टैक्स बीडी पर न लगा कर बीड़ी के उपयोग में आने वाले तम्बाकू पर यह टैक्स बढ़ाया जाए। उस पर जो टैक्स लगा हुआ है उस को आप और बढा दें और उस में बढ़ोतरी कर दें लेकिन बीड़ी पर यह टैक्स न लगायें क्योंकि इस से अलग से हिसाब रखने की व्यवस्था करनी होगी। इसलिए यह जो परेशानी होगी, इस को दूर कर दिया जाए और मेरा विश्वास है कि हमारे मंत्री जी इस का ख्याल करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक सुझाव और भी है कि पूरे देश में कुछ ऐसी आवश्यक चीजे है, जैसे कि चावल है, गेहूं है और मोटा कपडा है जो कि हरेक के काम मे आती है, इन की कीमत पूरे देश में एक कर दी जाए। इस का फायदा यह होगा कि प्रदेशों में और जिलो में इन चीजों के आवागमन पर जो रोक लगी है और चीजों के भाव के कम या ज्यादा होने से जो स्मगलिंग होती है, उस से भ्रष्टाचार बढता है और करप्शन होता है। उस को रोकने के लिए सरकार को अपनी मशीनरी लगानी पडती है। और शासन को भी परेशानी होती है और जनता भी परेशान होती है। मेरा यह सुझाव था कि इन चीजो के बारे में एक पालिसी बन जाए और पूरे देश मे जो ये तीन चार आवश्यक चीजे है जैसे कि चावल, गेहूं, और मोटा कपडा, इन की कीमत एक हो जानी चाहिए पूरे देश मे चाहे वह श्रीनगर से कन्या कुमारी तक हो या कही भी हो, सब जगह एक भाव मे ये चीजे मिले ताकि लोगो को राहत मिले और भ्रष्टाचार कम हो।

एक चीज और कहना चाहूंगा और वह स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के बारे मे है। इन पर एक परसेन्ट का टैक्स लगाया गया है। स्माल स्केल इंडस्ट्री वैसे ही बहुत परेशानी मे है और हमारे यहां जो बड़े इंडस्ट्री वाले है उन से इन को कम्पीट करना पड़ता है। एम० एम० टी० सी० के द्वारा इन को इम्पोर्ट करना पड़ता है और उस मे इन को 100, 200 रुपए एडमिनिस्ट्रेशन चार्ज के देने पड़ते है। उत्पादन स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में ज्यादा कीमत पर होता है और बड़ी

इंडस्ट्रीज से इनको कम्पीट करना पड़ता है। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि एक परसेन्ट जो टैक्स इन पर लगाया गया है, इसको वापस लिया जाए।

अन्त में उपाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ इरीगेशन पर बोलना चाहूंगा। हमारे देश के अन्दर कम इरीगेशन है और हमारा देश कृषि प्रधान देश है और मेरी मान्यता यह है कि जितना भी ज्यादा इनवेस्टमेंट हम इसमें करते हैं एक वर्ष में, उसका रिटर्न हमको मिल सकता है। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि हमारे देश में ज्यादा से ज्यादा ध्यान इरीगेशन पर दिया जाना चाहिए और खास कर मेरे क्षेत्र में क्योंकि जहां पूरे हिन्दुस्तान में 20 प्रतिशत के करीब इरीगेशन है, वहां मेरे क्षेत्र में केवल तीन परसेन्ट के करीब यह है। मुझे उम्मीद है कि वित्त मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं यह कह दूं कि माननीय सुब्रह्मण्यम साहब ने परसों जिन रियायतों की चर्चा की थी वे केवल कुछ बड़े घरों तक ही सीमित रह जायेंगी और आम आदमियों तक उन रियायतों की धारा नहीं आने वाली है। अगर गिन्ती के हिसाब से भी जोड़ा जाए, तो इन्होंने जो 32.33 करोड़ रुपये की सियायतें दी है, इस देश की आबादी जो करीब 60 करोड़ के है, उसमें अगर इसको बांटा जाए, तो अठन्नी के करीब यह आएगी। तो यह केवल आमका नोचने वाला और खसौटने वाला क्लास ही होगा, जिसको वेस्टेड इन्ट्रेस्ट क्लास कहते हैं, जिस को यह छूट मिलेगी और उसके पास ही यह रकमें चली जाएंगी और फिर आप अपने घाटे के बजट में इस रकम को लायेंगे और आम आदमी से दूसरे तरीके से इस को वसूल लेंगे। इस तरह से हम समझते हैं कि आप बड़े आदमियों को ही यह छूट देना चाहते हैं।

हमको उम्मीद थी कि जब आप वित्त विधेयक पेश करेंगे, तो सरकारी खर्चे में कहीं न कहीं कटौती की जाएगी। आप लोगों के दौरों पर, प्रधान मंत्री जी के दौरों पर जिस तरह से फ़िजूलखर्ची आप करते हैं, वह हम समझते थे कि कम होगी। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे तो मालूम पड़ा है कि श्रीमती कमला बहुगुणा अभी विदेश का दौरा करके आईं, तो उत्तर प्रदेश सरकार का छोटा प्लेन है, वह उनको दिल्ली से लखनऊ में गया और उसके बाद वही प्लेन उसी दिन लौट कर आया आप के पार्लियामेंट या सरकार से सिक्किम का बिल ले जाने के लिए। साथ-साथ वह बिल नहीं आ सका। आखिर प्लेन में पेट्रोल लगता है। उपाध्यक्ष महोदय, यह फ़िजूलखर्ची की मैंने एक छोटी सी मिसाल दी। ... (व्यवधान) .. इस की चर्चा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उत्तर प्रदेश का मुख्य मंत्री क्या करता है, आप कहेंगे कि हम पर कैसे चर्चा करें, लेकिन फ़िजूलखर्जी की बात मैं आपको बता रहा हूं। केवल बिल लाने के लिए वह प्लेन यहां पर आया। मैं प्रधान मंत्री जी के खर्चे के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। इस पर कई बार चर्चा हो चुकी है कि उनके एक-एक दौरे पर पांच-पांच लाख रुपया खर्च होता है। अब इस तरह की फ़िजूलखर्ची पर आप कहीं रोक नहीं लगा रहे हैं और आपने जो 33 करोड़ रुपये की रियायत खांडसारी पर और छोटी-छोटी चीजों पर दी है, हम समझते हैं कि आम जनता को उससे कोई राहत मिलने वाली नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, इसकी जो व्याख्यात्मक टिप्पणी है बजट की, मैं उसको देख रहा था। जब मैंने इसको चारों तरफ़ देखा, तो मन में आया कि आंखें मूंद लूं। उपाध्यक्ष महोदय, जिस तरह से इन्होंने कर्ज लिया है जनता से, मैं टैक्स की बात नहीं करता, और दूसरे देशों से, यह सारे का सारा कर्ज देखने के बाद हिम्मत नहीं पड़ती कि उसको देखा जाए ? । आम जनता को तो शायद पता भी नहीं है कि उसका रुवां रुवां इस समय कर्ज से लदा हुआ है और यह पैसा जाता कहां है ? यह पैसा इनका शान-शौकत की चीजों में खर्च होता है। कर्ज से कर

यह सरकार फ़व्वारा बनाया करती है चाहे यह कैनाट प्लेस में फ़व्वारा लगा हो या और कहीं। सिचाई के लिए जमीन खाली रह जाएगी और किसान पानी के लिए चिल्लाते रहेंगे और यह कहते रहेंगे कि बिजली नहीं है, नलकूप नहीं हैं, रिगिंग मशीन नहीं हैं वगैरह, लेकिन पूरी दिल्ली में फ़व्वारे लगाए जा रहे हैं और दिल्ली ही नहीं दिल्ली जैसे बड़े शहरों में उसकी नकल हो रही है और छोटे शहरों में भी यही बात है। तो केवल इनका पैसा शान-शौकत पर खर्च होगा और दूसरे कामों पर खर्च नहीं हुआ करता है।

इस तरह से इनकी फ़िजूलखर्ची इतनी तेजी से बढ़ती है और अपने बजट भाषण में यह कहते हैं कि विपदा है, आफतें आई हैं और प्राकृतिक दिक्कतें हैं। एक बार विपदाओं का बराबर बंटवारा कर देते, तो आम जनता को तसल्ली हो जाती लेकिन ऐसा ये नहीं करते है। मैं कार की चर्चा करूंगा। पिछले तीन-चार साल से एक प्रकार की गाड़ी की बहुत चर्चा हुई है और यहां ही नहीं हुई देश भर में हुई है। छः दरवाजे वाली गाड़ी, विदेश से आई थी और राष्ट्रपति भवन में पड़ी है। गर्मियों के दिनों में वह ठंडी हो जाती है और जाड़े से गर्म हो जाती है। वह कार ऐयाशी के निशानी है और उसका आपके बजट में स्थान दिया गया है, उसके लिए व्यवस्था की गई है। दूसरी तरफ छोटी कार की चर्चा होती है जो अभी बन नहीं पाई है। एक तरफ छः दरवाजे वाली कार जो ऐयाशी की निशानी है और दूसरी तरफ छोटी कार का कारखाना जो भ्रष्टाचार की निशानी है। सरकार और व्यापार की सांठगांठ। जिस मंत्री का बेटा अगर उससे लाइसेंस ले रहा है तो यह तय है कि कहीं न कहीं किसी न किसी कोने में भ्रष्टाचार आएगा ही, आपके जरिये न आए, आपके सचिव के जरिये आएगा, दूसरे अधिकारियों के जरिये आएगा। एक तरफ तो ऐयाशी की निशानी, छः दरवाजे वाली कार और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की निशानी यह छोटी कार है। दोनों तरफ की व्यवस्था करना हम अगर छोड़ते नहीं हैं तो जो कोई भी बजट पेश करे, जितना बढ़िया पेश करे, जितनी काबलियत से ड्राफ्ट करके पेश करे, उसका कोई मतलब नहीं होगा। तब भ्रष्टाचार केवल छोटी कार तक आकर सीमित नहीं कर पाएगा उसके रिश्ते बनते चले जायेंगे। श्री ज्योतिर्मय बसु ने अपने भाषण में जिंदल की चर्चा की थी और कहा था कि इसके शेयर मारुति कार में हैं। आपको क्या हक है कि कंसेशन्स सरकार की तरफ से आप उन लोगों को दें। अब जो जो कन्सेशन दिए जाते हैं उनकी चर्चा करने की जरूरत नहीं है। लिमये साहब ने मोदी ग्रुप के बारे में चर्चा की थी। बिड़ला साहब के बारे में चर्चा हो जाती है। मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि अर्थ व्यवस्था में जहां कोटा, परमिट और लाइसेंस प्रणाली में सरकार का व्यापार के साथ रिश्ता रहता है, वहां भ्रष्टाचार तो आएगा ही। उसको खत्म करने के लिए आप क्या कर रहे हैं इस पर आप ईमानदारी से गौर करें। अभी तक सरकार ने गौर नहीं किया है।

मैं बिड़ला का नाम लेता हूं। बिड़ला का एक कारखाना मिर्जापुर में है हिंडालको। उस कारखाने के मजदूरों का आंदोलन होने वाला था। कारखाने के कुछ अधिकारी दिल्ली में आए। उन्होंने प्रधान मंत्री के सचिवालय में सम्पर्क किया। सम्पर्क करने के बाद कोठारी साहब जो हिंडालको के मालिक हैं उनको पत्र लिखा कि हमने प्रधान मंत्री के सचिवालय से सम्पर्क किया है और उनके प्राइवेट सैक्रेट्री को हमने पांच लाख रुपया दिया है और प्राइवेट सैक्रेटरी ने इस बात का आश्वासन दिया है कि हिंडालको में कोई लेबर ट्रबल नहीं होगी। उस चिट्ठी की कापी हुई कापी मेरे पास है। यह भ्रष्टाचार की निशानी

है । मैं इसको पढ़ देता हूं :

"To

Shri S. S. Kothari,
President, HINDALCO,
Renukoot.

Dear Sir,

We met the Prime Minister and her Private Secretary. We have paid a sum of Rs. Five lakhs to the P. S.

He has promised us that he will use all his influence to see that no trade union activity is allowedinHindalco.

Yours faithfully,

For Hindustan Aluminium Corporation Ltd.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI C. SUBRAMANIAM): Kindly pass it on; let me have a look at it.

श्री जनेश्वर मिश्र : आपको तो दे ही देता हूं और अगर आप कहें तो इसको मैं टेबल पर भी रख देता हूं ।

हिंडालको में हम लोगों की यूनियन बहुत कमजोर है । कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों की यूनियन वहां मजबूत है । इन लोगों को यूनियन वालों की पिटाई कराने के लिए श्री कोठारी ने वहां के पुलिस अधिकारियों की मदद ली जिस में एक डी०एस०पी० तक मारा गया । जब पांच लाख रुपया लेकर ट्रेड यूनियन को क्रश करने का आप प्राभिज्ञ करेंगे, पुलिस की तरफ से ज्यादती करवाएंगे तो उस तरह की घटनाएं ही घटेंगी जो दस दिन पहले घटी थी कि एक डी० एस० पी० भी मारा गया था ट्रेड यूनियन मूवमेंट के चलते । यह हिंडालका का किस्सा है ।

ऐसा ही सिंघानियां का भी किस्सा है। उनके इन्दलर्स के साथ साठ-गांठ थी और उस साठ-गांठ के सिलसिले में जूट मैन्यूफैक्चरर्स एसोसियेशन के प्रेजीडेंट श्री एच० के० सिंघानिया के खिलाफ मिसा में वारेंट निकला । वह अंडरग्राउंड हो गए । उसके बाद वह दौड़े हुए दिल्ली आए । यहां आकर उन्होंने प्रधान मंत्री से सम्पर्क किया । पचास लाख रुपये पर सौदा पट गया और उनके खिलाफ वारेंट खत्म हो गए । यह सरकार भ्रष्टाचार के किस रास्ते पर जा रही है । सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार बेईमानी आदि के जितने आरोप आज लग रहे हैं क्या उसका असर देश के चरित्र पर नहीं पड़ता है । श्री विभूति मिश्र ने भाषण किया हैं । उन्होंने कहा है कि कुछ भी बोलो, सरकार पर असर नहीं होने वाला है । उन्होंने कहा है कि इतना जबर्दस्त बहुमत उनकी पार्टी को मिला है लेकिन फिर भी उनकी बातों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है । इतना होने पर भी जब बटन दबाना होगा तो उन्हीं के पक्ष में ये दबायेंगे । क्यों नहीं ये लोग अपनी आत्मा की आवाज को सुनते हैं, क्यों ये अपने फर्ज को पहचानते नहीं हैं । कभी-कभी ये खिलाफ भी बटन दबा दिया करें । मैं कान दबाने की बात नहीं करता हूं, बटन दबाने की बात कर रहा हूं, टेबल का बटन । जब मिश्र जी की बात मैं सुन रहा था तो मुझे महसूस हुआ कि इनका मनबड़ा दुखी है, बड़ा दर्द में भरा हुआ है । इतने पुराने ये कांग्रेस के सदस्य हैं और इस सदन में हैं लेकिन फिर भी इनको लगता है कि हम बेकार यहां हैं ।

इन सारे भ्रष्टाचारों के किस्सों के बाद अब मैं खेती पर आता हूं । मैं खास तौर पर उर्वरक की चर्चा करूंगा । एक उर्वरक कारखाना आपका गोरखपुर में चल रहा है और एक इलाहाबाद में फूलपुर में चलने वाला है । आप उर्वरक के भाव को देखें । छः महीने पहले खाद 53 रुपये बोरी मिलती थी किसान को और आज 105 रुपये बोरी मिल रही है । एक बोरी में खाद पचास किलो होता है । किसान को आप गेहूं का भाव 105 रुपये क्विंटल देते हैं । एक क्विंटल खाद की कीमत 210 रुपये हो गई । अब खाद की कीमत तो 210 रुपये क्विंटल और गेहूं की बोरी की कीमत 105 रुपये क्विंटल । किसान का पिछले दो महीने पहले गेहूं 200—225 रुपये के भाव से बिका हैं । आपने यकबैक फरमान जारी कर दिया कि

[श्री जनेश्वर मिश्र]

किसान को 105 रुपये का भाव मिलेगा। आपने कहा कि इस बार फसल बहुत बढ़िया हुई है। श्री जगजीवन राम ने कहा कि बम्पर क्राप है। श्रीमती इंदिरा गांधी बम्बई गई वहां औरतों ने काले झंडे ले कर उनको घेर लिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने काले झंडे लिए हुए हैं इन्होंने ही रेलवे की हड़ताल कराई थी जिसकी वजह से महंगाई बढ़ गई। फिर कहती हैं आज से चार महीने पहले कि घबराओ मत, रबी की फसल बढ़िया आ रही है, महंगाई खत्म हो जाएगी। उसके बाद सुब्रह्मण्यम साहब और श्री फखरुद्दीन अली अहमद साहब ने भी आम जनता के बीच कहा कि रबी की फसल बढ़िया आ रही है, महंगाई खत्म हो जाएगी। आज किसान को गुस्सा है। जो जायज भी है। उड़ीसा में जब राज्य सरकार की पुलिस पार्टी लैवी वसूल करने गई तो सात किसान उसकी गोली के शिकार हो गये। वे अड़े हुए हैं कि लैवी नहीं देंगे। इसलिए नहीं देंगे कि भाव तय करने का हक आपको नहीं है। अगर कारखानों में बनी चीजों के दाम आप उसी हिसाब से नहीं घटाते हैं जिस हिसाब से खेती की चीजों के दाम घटाते हैं तो किसान आपको आपके भाव पर अपने माल को क्यों दे। 105 नहीं, 90 रुपये भाव आप कर दें किसान तैयार है लेकिन 103 या 105 रुपये बोरी खाद का जो भी दाम है उसको भी तो आप उसी हिसाब से, उसी अनुपात से कम करें। मौजूदा सरकार वोट तो लेती है किसान से और चन्दे लेती है कारखानेदारों से। कारखानेदारों द्वारा उत्पादित चीजों के दाम तो आप कम नहीं करते हैं लेकिन किसान बेचारा जो आपको चन्दे नहीं देता है केवल वोट देता है उसके उत्पादन पर आप लगातार रोक लगाते चले आ रहे हैं। आज भी आप गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है। पिछले साल आपने 76 रुपये क्विंटल भाव तय किया था गेहूं का जबकि बाजार में वह 225 रुपये तक बिका। अब भी आप गारंटी देने के लिए तैयार नहीं हैं कि 105 रुपये का जो भाव आप किसान को देंगे और इस भाव पर उससे गेहूं वसूल करेंगे वही गेहूं अगली फसल आने तक बाजार में किस भाव पर बिक पाएगा। यह गारंटी देने के लिये वित्त मंत्री, कृषि मंत्री श्री जगजीवन राम जी, या प्रधानमंत्री कोई भी तैयार नहीं हैं। किसान अपना गेहूं सस्ते भाव पर बेचे और तीन महीने के बाद जब वह उसे खरीदे, तो महंगे भाव पर खरीदे। इस प्रकार से उसको दोनों तरफ घाटा होता है। अगर किसान के गेहूं का भाव सरकार को तय करना है, तो फिर उर्वरक का भाव, बिजली का रेट, और दूसरी चीजों के दाम भी उसी हिसाब से तय करने चाहियें।

इसके साथ-साथ सरकार अपनी फिजूल-खर्ची को भी कम करे। ऐसा नहीं हो सकता है कि किसान का बेटा प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाये और वहां टाट न होने की वजह से उसे बोरा लेकर जाना पड़े और दूसरी तरफ देहरादून तथा ऊटी के स्कूल उसी तरह से चलते रहें। तब तो किसान के मन में यह भावना आयेगी कि जो गेहूं वह पैदा करता है, उसको वह इतने ज्यादा दाम पर बेचे ताकि उस का बेटा भी कभी देहरादून या ऊटी के स्कूल में जाकर पढ़ सके। आदमी के मन में यह लालच स्वाभाविक होता है। इसलिये यह आवश्यक है कि सरकार और उसके मंत्री अपनी शानोशौकत और फिजूल-खर्ची में भी कमी करें। अगर मंत्रियों के बच्चों और किसानों के बच्चों को एक जैसे स्कूल में भेजने की व्यवस्था हो जाये, तो उसमें क्या खराबी है?

अब कभी यहां बहस चली है कि बढ़िया वाले स्कूल खत्म करो और एक

जैसे स्कूल स्थापित करो, तो जवाहरलाल जी के जमाने से लेकर आज तक एक ही बात कही जाती है कि अगर ये देहरादून, ऊटी और नैनीताल के स्कूल तोड़ दिये गये, तो लायक लड़के कहां से आयेंगे, यानी देहरादून, ऊटी और नैनीताल में पढ़ने वाले लड़के लायक होते हैं और म्युनिसिपैलिटी, कार्पोरेशन और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले लड़के नालायक होते हैं । उन बच्चों की नालायकी हम जानते हैं । वे बैठे रहते हैं, किसी को तड़ी मारते हैं, किसी को चिकौटी काटते हैं । मान लीजिये कि उन्हीं लड़कों की बगल में श्री सुब्रह्मण्यम का बेटा और प्रधान मंत्री का पोता, राहुल भी बैठकर पढ़ता, तो गांव के टैक्सी वाले का लड़का उनको तड़ी मारता और चिकौटी काटता । शाम को जब मंत्री महोदय का लड़का उनकी गोद में आता, तो वह उनको भी तड़ी मारता और प्रधान मंत्री जी का पोता उनकी गोद में आता, तो वह उनको चिकौटी काटता । तब हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री से लेकर मंत्री महोदय और बड़े-बड़े सरकारी अहलकार तक यह सोचने को मजबूर होते कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहिये, वरना हमारे बच्चे भी बिगड़ जायेंगे ।

अगर सरकार लेवी का सस्ता भाव तय करना चाहती है, तो उसी हिसाब से कारखाने के उत्पादन के दाम भी कम करने चाहिएं। तभी किसान सरकार पर यकीन करेगा, वरना नहीं, और जिस तरह से आज वह लेवी के सम्बन्ध में अड़ा हुआ है, आगे भी वह अड़ा रहेगा । सरकार की ओर से कहा गया है कि पंजाब में इस समय गेहूं सस्ता होता चला जा रहा है। ठीक है, तो सरकार जाकर खुले बाजार में खरीद ले । लेकिन वह कानून के बल पर जबर-दस्ती क्यों खरीदना चाहती है, यह आज तक मेरी समझ में नहीं आया है ।

हम देखते हैं कि जब कोई भी प्रश्न उठाया जाता है, चाहे वह लेवी का हो या बच्चों की शिक्षा का, तो बड़े जोर से हल्ला मचता है कि संसदीय लोकतन्त्र को खतरा है। अभी सत्तारूढ़ दल के एक दो सदस्य वित्त विधेयक पर बोलते हुए भी श्री जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को बीच में ले आये । मेरा कहना यह है कि वित्त विधेयक पर श्री जयप्रकाश नारायण की चर्चा बेमतलब लाने की क्या जरूरत है ?

ला एंड आर्डर के नाम पर एक टास्क फोर्स बनी हुई है, जिसमें विरोधी पार्टियों के लोगों को तोड़ने के लिए एक सैल बना हुआ है । उस पर सरकारी पैसा खर्च हो रहा है और उसकी सीधी जिम्मेदारी प्रधान मंत्री पर है, अगर ला एंड आर्डर के नाम पर इसी तरह मुल्क का पैसा खर्च करना है, तब तो मैं समझूंगा कि यह बिल्कुल खतरनाक बात है ।

श्री नरसिंह नारायण पांडे: अगर माननीय सदस्य चिकौटी काटने की प्रक्रिया को अपने घर में शुरू करें, समाज में शुरू न करे, तो बेहतर होगा ।

श्री जनेश्वर मिश्र : यह सरकार बेईमानी की सरकार है, भ्रष्टाचार की सरकार है और राजनीतिक बदचलनियों की सरकार है और इसीलिए इस सरकार को वित्त विधेयक पास करके देश की आम जनता की कमाई का पैसा देना सांप के मुंह में जहरीला दांत देना है । इस लिए मैं इस सदन से निवेदन करूंगा कि वह इस विधेयक को गिरा दे, पास न करे ।

श्री स्वामी ब्रह्मानन्द जी (हमीरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं वित्त विधेयक का समर्थन करते हुये मंत्री महोदय को यह बता देना चाहता हूं कि जो नीति उन्होंने अपनाई है, उससे वह सफल नहीं हो सकते, क्योंकि यह पूंजीवादी नीति भी नहीं है और समाजवादी नीति भी नहीं है और वह दोनों के बीच में चल रहे हैं ।

अमरीका के लोग श्री जयप्रकाश नारायण और दूसरे लोगों के बल पर देश में अराजकता

और अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं । आज पूंजीपति हमारे देश के जीवन को अस्त-व्यस्त करना चाहते हैं । बड़े-बड़े आदमी गरीबों को सताते हैं और उनका दमन करते हैं । आज सरकार को एक रास्ता अपनाना चाहिए और वह रास्ता है रूस का । सारी सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए, क्योंकि उसके बिना हमारी समस्या हल नहीं होगी । अगर हम किसी पूंजीपति का कान काट लें या नाक काट लें, तो वह दुश्मन बन जाता है । अगर पूंजीपतियों को खत्म करना है, तो उनको जड़ से ही खत्म करना चाहिए, तभी देश का कल्याण होगा ।

हमारे देश में सरकार का खर्चा ठीक ढंग से नहीं होता है । आज हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज क्या करते हैं । क्या वे किसी गरीब के साथ न्याय करते है ? एक गरीब दो रुपये में दिन भर मिट्टी खोदता हैं, जबकि वकील लोग काला कोट पहनकर दो दो हजार रुपये लेते हैं । क्या यह भ्रष्टाचार नही है ? हर पार्टी के आदमी लोगों को लूट रहे है । हम भी लूट रहे हैं । हम 50 रुपये रोज पाते है, लेकिन सैंट्रल हाल में बैठकर गप्प लड़ाते रहते है । मेरा सुझाव यह है कि जिले की अदालतों को खत्म कर दिया जाये और गांव पंचायतों तथा जिला परिषदों को न्याय का अधिकार दिया जाये । उसी तरह हाई कोर्ट को खत्म कर दिया जाये और विधान-सभाओं को कुछ मामलों में अधिकार दिये जायं । सुप्रीम कोर्ट को भी खत्म करके लोक-सभा के सदस्यों को अदालत के अधिकार दिये जाये । यह भी आवश्यक है कि काबिल आदमियों को चुनाव मे लिया जाये और चुनाव पद्धति को बदला जाये । इस चुनाव पद्धति में चुनाव में लाखों रुपये खर्च होते है । हर पार्टी में टिकट लेने वालों का मेला सा लग जाता है । हम लोग बातें करते हैं समाजवाद की, लेकिन हम सारे काम पूंजीवाद के करते हैं ।

राष्ट्रपति, राज्यपाल और कलैक्टर आदि जिला अधिकारियों का चुनाव सीधे जनता द्वारा हो । प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री और जिला परिषद् के चेयरमैनों को खत्म किया जाये । जनता द्वारा राष्ट्रपति का चुनाव हो और वही अपनी गवर्नमेंट बनावें । इस तरह से खर्चा बहुत कम हो जायेगा जब हमारे देश में लाखों आदमी भूखे मर रहे हैं तब हम लोग क्रिकेट के खेल का आयोजन करते फिरते है, जगह-जगह टेलीवीजन लगाते फिरते हैं और नंगी औरतों को नचाते हैं । क्या इससे समाजवाद आयेगा ? क्या इससे गरीबी मिटेगी ? हमें गरीबों को नही मिटाना है, अमीरो को मिटाना है ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी देश की प्रगति के लिए कुछ करना चाहती है, मगर वह पूजीपतियो के विरोध के कारण, जो विदेशी शक्तियों के इशारे पर नाच रहे हैं, कुछ नही कर पा रही हैं । हमें उन पूजीपतियों का मुकाबला करना है । मंत्री महोदय का क्या दोष है । अगर हमारी नीति ठीक होती, तो हम अपने देश से गरीबी को दूर करके समाज की स्थापना कर सकते थे ।

जिस किसी धर्म के ग्रन्थ में ऊंच-नीच के भाव हों, उस ग्रन्थ को बन्द कर देना चाहिए । आज हमारे यहां धर्म और सम्प्रदाय के नाम पर, जात-पात के नाम पर, लूट होती है । आखिर धर्म क्या है ? भगवान एक है, उसके नाम अनेक हो सकते हैं । उसको गौड, भगवान और खुदा कह सकते हैं । अगर अलग-अलग भगवान हैं, तो फिर चुनाव कराना पड़ेगा कि कौनसा भगवान ठीक है । अलग-अलग धर्मों के नाम पर जो सम्पत्ति इकट्ठी की गई है, उसको जब्त कर लेना चाहिए । अलग-अलग धार्मिक

संस्थाओं के पास जो जमीन है, उसको लेकर उस पर गल्ला पैदा किया जा सकता है।

आज सबेरे जब मैंने सुना कि 30 हरिजनों को जला दिया गया है, तो मुझे रोना आ गया। मैं सोचता हूं कि जिन नब्बे प्रतिशत गरीबों और हरिजनों से हमको यहां भेजा है, आज उनको जलाया जाता है। गृह मंत्री महोदय इसके बारे में क्या कर रहे हैं? एक बार बिहार में जब तीन आदमियों को जला दिया गया था, तो श्रीमती इंदिरा गांधी ने श्री मिर्धा को विमान से वहां भेजा था। मैं चाहता हूं कि गृह मंत्री भी घटना स्थल पर जायें। वह हम को इजाजत दें, कि हम जाकर जांच करें कि कैसे यह जुल्म और ज्यादती होती है।

दूसरी पार्टियां तो पूंजीपति हैं ही। यद्यपि हम ऊपर से समाजवादी हैं, मगर भीतर से हम भी पूंजीवादी हैं। बड़े-बड़े कांग्रेसमैनों की जायदादों को जब्त क्यों नहीं कर लिया जाता?

पहले जमाने में राजा लोग टोपी सीकर या हल जोतकर खाते थे। वे राजधन का प्रयोग अपने लिए नहीं करते थे। मैं सन्यासी हूं। मैं भी भिक्षा से अपना निर्वाह करता हूं और अपनी सारी तनख्वाह का पैसा स्कूल, कालेजों को दे देता हूं। यही धर्म है।

आज स्कूलों में क्या हालत हैं? शिक्षक 7 दिन में 3 घंटे पढ़ाते हैं और 1200 रुपये वेतन लेते हैं। आज छोटे स्कूलों की स्थिति यतीमखाने जैसी हो गई है। बड़े आदमियों के लड़के देहरादून में पढ़ते हैं। इस स्थिति में क्या कोई गरीब आदमी का लड़का कभी कलैक्टर या उच्चाधिकारी बन सकेगा? आज जो आदमी ऊंचे पदों पर बैठे हुये हैं, वे गरीब आदमियों का कल्याण कैसे करेंगे?

गांधी जी ने कहा था कि किसी हरिजन की लड़की को राष्ट्रपति बनाया जाये। अभी तक ऐसा क्यों नहीं किया गया है? अगर हम लोग गांधीवादी हैं, तो किसी मेहतर की लड़की को राष्ट्रपति बनाना चाहिए। हरिजनों और मेहतरों में से एस० पी० और कलैक्टर बनाये जायें। अगर फिर भी कोई गड़बड़ हो, तो उन लोगों को सजा दी जाये।

क्लर्क और दूसरे लोग 8 घंटे काम करते हैं। हमारे किसान सारा दिन हल चलाते हैं। लेकिन हम देखते हैं कि जो सदस्य सभापति के आसन पर बैठते हैं, वे केवल दो घंटे काम करते हैं और उसके बाद खिसक जाते हैं। क्या उनकी ड्यूटी सिर्फ दो घंटे की है? यह भी भ्रष्टाचार है।

मेरे पांव में दर्द होता है, इसलिए मैं इस ठंडक में नहीं बैठ सकता हूं, वरना मैं सारे दिन यहां बैठा रहूं। जब मुझे 51 रुपये रोज मिलते हैं तो मैं क्यों न सारा दिन यहां पर हाजिर रहूं?

मेरे कालेज का एक लड़का डा० सी० एल० इदीवर यादव विश्व भर में 9 लाख प्रतियोगियों में से अध्यात्म और विज्ञान में पहले नम्बर पर आया। लेकिन उसको कोई सम्मान नहीं दिया गया, जबकि खेल वालों का सम्मान हो रहा है। क्या खेल से ही गेहूं निकलेगा, या दूध निकलेगा, या टेलीवीजन से दूध निकलेगा? यह सब काम बन्द करके सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करना चाहिए। किसानों पर तो सीलिंग लगा दी गई है, लेकिन पूंजीपतियों पर कोई सीलिंग नहीं लगाई गई है।

15.35 hrs.

ADVOCATES (AMENDMENT) BILL*

(Amendment of section 46)

डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय (मंदसौर): मैं प्रस्ताव करता हूं कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, Section 2, dated 2-5-75.

Advocates Act, 1961".

The motion was adopted.

डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

15.36 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Insertion of new article* 326A)

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India".

The motion was adopted.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: I introduce the Bill.

15.37 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of Eighth Schedule*)

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: I beg to move for leave to introduce a Bill to amend the Constitution of India.

SHRI ANNASAHEB GOTKHINDE (Sangli): I want to oppose this motion for leave to introduce this Bill. The controversial decision taken by the Sahitya Academy to grant recognition to Konkani has provoked strong reaction and Sharp opposition in the States of Goa and Maharashtra. Dr Suniti Kumar Chatterjee, President of the Sahitya Academy while delivering the inaugural speech at the All India Konkani Sahitya Parishad in Panaji Goa in February 1974 has prejudged the issue when he said:

"Konkani which by its own right should be recognised as one of the major languages of India has for the last few centuries been under a cloud."

It was also surprising to note that Dr. Chatterjee should also have felt the need of going out of his way to express an opinion at that time regarding the political status of Goa. The propriety of the remarks made by Dr. Chatterjee even before the issue was duly considered by the Sahitya Academy is highly questionable and his attitude was not impartial. Under such abnormal circumstances, the object of the Bill "... to satisfy the feelings and aspirations of the people of several regions " would be served only by referring the Bill first to the legislatures of the States, namely Goa and Maharashtra for expressing their views thereon. Otherwise we would be setting a bad precedent by granting leave to introduce such a controversial Bill which is most likely to defeat its own purpose and object.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: The point he raised shows that there is need for discussion. I thought that Mr. Gotkhinde would oppose the introduction of the Bill on the basis of some constitutional arguments. His submissions if I may say so shows that there is need for discussion. I do not find that there is any reason not to introduce the Bill. We have had in this House itself several Bills to amend the Eighth Schedule, including Konkani and in fact various Bills were introduced. I do not think there is any substance in his opposition.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I should also like to advise Mr. Gotkhinde

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, section 2, dated 2nd May, 1975.

that he if wanted this Bill to be discussed by the State legislatures, it is for him to bring in amendment when this Bill is taken up for consideration. That is the best course. The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: Sir, I introduce the Bill.

15.40 hrs.

HINDU MARRIAGE (AMENDMENT) BILL—*contd.*
(*Amendment of sections* 13 *and* 15)
by Shri Madhu Limaye.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We take up for further consideration the Hindu Marriage (Amendment) Bill moved by Shri Madhu Limaye. We allotted two hours; 55 minutes were taken and one hour and five minutes are left. Shri R. R. Sharma was on his legs. He is not here now. Shri Salve.

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे (बेतूल) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री मधु लिमये जी जो यह विधेयक लाए हैं इस के पीछे उन की जो भावना है, भाव है, मनोभाव हैं, वह सराहनीय है, काबिले तारीफ हैं। अपने भाषण में एक विवरण उन्होने सामने रखा था। वह मुसीबते वह अकथनीय मानसिक यंत्रणाएं जिन से उन लोगों को गुजरना पड़ता है जिन के मसले शादी के विच्छेद से या पुनर्विवाह से संबंधित है, इन के बारे में उन्होंने बताया। ये मानव स्वभाव और मानव प्रकृति से संबंधित मसले है। इन सब का सुलझाव, इन सब का उपाय किसी कानून या किसी विधेयक से निकलना तो बड़ा मुश्किल है। मगर यह जरूरी है कि इस तरीके से जब आफत के पहाड़ उन लोगों पर आ गिरते हैं जिन के जीवन की श्रृंखला, जीवन का प्रवाह रुक जाता है उस में कानून कम से कम इस तरीके का हो, इतनी व्यवहारिकता हो कानून में कि जो लोग एक तौर तरीके से अपने विवाहित जीवन को न चला सकें या जिन के जूडिशियल सेपरेशन की डिग्री हो गई हो वे मानसिक यंत्रणा में ज्यादा दिन तक न रहे, दो साल के बदले उस की मियाद छः महीने कर दी जाय।

15.42 hrs.

[SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI *in the chair*]

लिमये जी ने उस रोज जो विचार रखें, वह उन का एक अराजनैतिक भाषण था, उन विचारों में बहुत शऊर था, इल्म था, विवेक की एक नई बुलन्दी थी। उन्होंने बहुत से उदाहरण दिए जिन से यह स्पष्ट हो गया कि एक तो मानवता का प्रश्न खड़ा हो हा जाता है, जिस किसी की शादी में दिक्कतें आ जायें, पुनर्विवाह में दिक्कतें आ जायं, विच्छेद का प्रश्न उपस्थित हो जाये उस में कानून ज्यादा से ज्यादा जितनी मदद कर सके उतना ही अच्छा है किसी ने कहा है कि –

रिश्ता जो मुहब्बत का टूट जाता है
देखते देखते शीराजा बिखर जाता है।
यह शीराजा जब बिखर जाता है

तो यह जरुरी है कि अपनी तरफ से कानून उस मुसीबत में पड़े आदमी को और ज्यादा मुसीबतजदा न बनाए। उन मुसीबतों को जितना दूर कर सके वह करना आवश्यक है।

एक उदाहरण मधु जी बता रहे थे कि जूडिशियल सेपरेशन के बाद या डाइवोर्स की डिक्री के बाद एक व्यक्ति ने पुनर्विवाह कर लिया पुनर्विवाह की जो मियाद कानून मे रखी है उस के पहले कर लिया। नतीजा यह हुआ कि जिस स्त्री के साथ पुनर्विवाह हुआ था उसी के लोगों ने कानून को आपत्ति उठायी और वह विवाह विसर्जित कर दिया गया। एलिमनी और डैमेजेज उस को देने पड़े। इस तरीके की दिक्कत और परेशानियों में कुछ तो मानवी दिक्कत हैं और कुछ बनाई हुई दिक्कतें हैं

[श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे]

इसलिए विधेयक की जो भावना है, स्पिरिट है, उसका मैं पूर्णतः अनुमोदन करता हूं और माननीय मंत्री जी तो बहुत विद्वान हैं। वह जानती हैं, तजुर्बा तो खैर, उनको नहीं है इस बात का लेकिन अपनी विद्वता से वह इस बात को जानेंगी, समझ लेंगी कि व्यवहारिकता को देखते हुए कानून में यह मियाद कम करना क्या ठीक नहीं है? क्योंकि मैं नहीं समझता कि सिद्धांत की कोई बात इस के बीच आती है।... (व्यवधान)... जी हां, मुझे ज्यादा तजुर्बा है शशिभूषण जी 27–28 साल का, आप की भी जी के साथ बहुत अच्छी मेरी शादी चल रही है .. (व्यवधान) मुझे वह तजुर्बा नही है जिस तजर्बे का जिक्र मधु लिमये जी ने किया था...

श्री मधु लिमये (बांका) : दूसरो के अनुभवों के आधार पर।

एक माननीय सदस्य : इन को भी जवाब देने के लिए दूसरो के अनुभवो पर ही निर्भर करना पडगा।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : मैं कह रहा था कि उन को तजुर्बा नही है, उस दृष्टि से मुझे भी तजुर्बा नहीं है। मगर मुझे कम से कम शादी का तो तजुर्बा है, उन को वह भी नही है।

तो एक बड़ा मार्मिक चित्र खींचा था उन लोगों की परेशानियो और दिक्कतो का और उन को देखते हुए मैं समझता हूं कि इस विधेयक में जो सुझाव हैं वह मान लिए जाएंगे। इतना कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री बसंत साठे (अकोला) : सभापति महोदय, मधु लिमये जी जो बिल लाए हैं मै उसका अनुमोदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। वैसे मधु जी जब अन्य विषयों पर यहां भाषण देते हैं और बोलते हैं तो उस में जानबूझ कर कुछ ऐसी बातें लाते हैं जिस से कि हम एक राय नही होते। लेकिन इस मामले मे मैं पूरे हृदय से उन के इरादे के साथ सहमत हूं वैसे मैं यह चाहता, आप को भी कुछ अनुभव है इस मामले में, वकील होने के नाते जो केसेज हमारे पास आते हैं उन में हम देखते हैं कि कितना कितना दुख इन व्यक्तियों को झेलना है...

एक माननीय सदस्य : वकीलों की वजह से।

श्री बसंत साठे : वकीलों की वजह से भी क्यों कि वह लड़ाते रहते है। उन को तो खुशी इसी में है कि दोनों पार्टीज लड़ती रहे, और जितनी ज्यादा देर वह लड़ेगी उतनी ज्यादा फीस उन की बढ़ेगी।

श्री मूल चन्द डागा ((पाली) : यह गलत बात है।

श्री बसंत साठे. कुछ वकील नही होते ऐसे।

एक माननीय सदस्य : उन की चलती नही होगी।

श्री बसंत साठे : जो ऐसे नही होते उन की चलती नही है। चलती उन्ही की है जो लड़ाते रहते है और मै डागा साहब को बताऊं कि हमारी भी नही चलती है।

बात यह है कि मै तो यह चाहता कि डाइवोर्स की या जुडिशियल सेपरेशन की डिक्री होने के बाद इतने भी समय तक रुकने की क्या वजह है? एक बार जहां हम कहते हैं कि मिया बीबी राजी तो क्या करेगा काजी, काजी हो गया न्यायाधीश, तो अब कोर्ट में जायें मिया बीबी कह रहे हैं कि हम इकट्ठा नही रहना चहते, या तो मिया कहता है या बीबी कहती है और उस के बाद आप कहते है कि नहीं, दो साल रुकिए, सोचिए, इस के ऊपर फिर विचार कीजिए। फिर ये केसेज इतनी देर तक चलते रहते हैं कि पहले तो कचहरियो के ही मामले मं जुडिशियल सेपरेशन की डिक्र

लेने में ही दो-दो चार-चार साल लग जायें, फिर डिक्री हो तो उसके ऊपर अपील वगैरह होती रहती हैं, फिर वह फाइनल हो। उस के बाद फिर दो साल के लिए रोकना यह एक बहुत बड़ी अवधि हो जाती है। तो मेरा यह निवेदन है कि इन्होंने कहा है इस को छः महीने रखिए उस को मानने में वस्तुतः कोई आपत्ति नही होनी चाहिए। मैं कोई तर्क इसके विरुद्ध सोच नहीं पाता हूं कि क्यो हम यह कहें कि इसे अब यह कहा जा सकता है कि साहब छः महीने आप ने क्यों कहा, नौ महीने क्यों नहीं कहा। नौ महीने का क्या खास महत्व है? तीन क्यों नहीं कहा?

श्री मधु लिमये : आप तीन कर दीजिए।

श्री वसंत साठे: कम करने में मेरा ख्याल है मधु जी को कोई आपत्ति नही होगी। लेकिन यह कोई तर्क नहीं हो सकता सरकार की तरफ से या और किसी की तरफ से कि आप छः महीने क्यों कह रहे हैं?

इस विषय पर मैं और ज्यादा किसी सैद्धांतिक बात में नहीं जाना चाहता हूं। हमारे समाज में शादी, हम ने यह देखा है कि अभी भी कोई पति पत्नी की सहमति से नहीं होती है। आज भी हमारे हिन्दू समाज में ज्यादतर विवाह माता पिता की इच्छा से होते हैं और बहुत से बच्चे खास कर कन्यायें, बावजूद इसके कि शारदा एक्ट है, छोटी उम्र में ही, 11—12, 13—14 वर्ष की उम्र में ही ब्याह दी जाती हैं। माता-पिता अच्छा ही सोच कर करते होंगे, लेकिन यह मानना पड़ेगा कि विवाह आखिर दो व्यक्तियों के जीवन का सम्बन्ध है, केवल एक दूसरे के हृदय मिलन का ही नहीं है, शारीरिक मिलन का ही नहीं है, आत्मा के मिलन का ही नहीं है। जब तक सारी चीजों का समन्वय न हो, तब तक वह विवाह सही विवाह नहीं है और यदि हम जबरदस्ती कहें कि समाज की मान्यता है, इसलिए तुम्हें इकट्ठे रहना ही चाहिए, तो केवल बच्चों के लिए ही वह मां जीवन जीती है, वह जीवन सुखी नहीं दुखी होता है। इस मामले में खास कर स्त्रियों के साथ ज्यादा अन्याय होता है, क्योंकि हमारे समाज में पुरुष ज्यादा आजाद है। एक स्त्री से वह सन्तुष्ट न हो तो बाहर भी जा सकता है, उस को कोई दोष नहीं देगा। लेकिन स्त्री कहीं नहीं जा सकती, स्त्री जरा आंख उठा कर किसी की तरफ देख ले तो उस पर भ्रष्टाचार का आरोप होगा और उस का जीवन दुःसह्य हो जायेगा अनैतिकता का आरोप होगा।

श्री मूलचन्द डागा : यह आप अपने अनुभव से कह रहे हैं।

श्री वसंत साठे : यह आज हमारे समाज की वस्तुस्थिति है। हमारे डागा जी शायद रूढ़ि परम्परा के पक्ष में होंगे, वे कहेंगे कि हिन्दू समाज में स्त्री को विवाह विच्छेद का अधिकार होना ही नही चाहिए, एक बार किसी पुरुष के साथ जकड़ दिया गया, विवाह बन्धन में बांध दिया गया तो एक गाय या बकरी की तरह जिन्दगी भर उस के खूंटे से बंधी रहे— लेकिन वास्तव में यह बात अन्यायकारी है।

सभापति जी, मेरा यह कहना है कि आज, जब कि इस वर्ष हम महिलाओं का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष मना रहे हैं, कम से कम स्त्री अधिकार का एक कदम तो उठाये, इतना अधिकार स्त्री को देने की मेहरबानी करें, क्योंकि इस में ज्यादा सवाल स्त्री के ऊपर होनेवाल अत्याचारों का है। मधु लिमये जी जो बिल लाये हैं—आज इस वर्ष में मेरी यह मान्यता है—अक्सर यह होता है कि प्राइवेट मेम्बर्स बिल लाता है, उन को हम यह कहते हैं कि हम इस पर सोच रहे हैं, कुछ ऐसा करेंगे, वैसा करेंगे या सरकार की ओर से कोई काम्प्रीहेन्सिव बिल लायेंगे। लेकिन जहां तक इस बिल का सम्बन्ध में यह ठीक है कि इस सवाल के साथ कुछ दूसरे सवाल भी जुड़े हुए हैं—हिन्दू मैरिज एक्ट में बहुत काफी परिवर्तन होने की गुंजाइश है, खास तौर से जो इस में कारण

[श्री वसंत साठे]

लिए हुए हैं उन में भी काफी तबदीली की जरूरत है, हालांकि मधु लिमये जी ने तो अपने बिल को बहुत सीमित रखा है, 6 महीने के लिए कहा है....

श्री मधु लिमये : जल्दी फैसला हो जाये, इस लिए ऐसा रखा है।

श्री वसंत साठे : मुझे मालूम है आज बहुत से ऐसे केसेज हैं जो सुप्रीम कोर्ट में, हाई कोर्ट में पैन्डिंग हैं। आप जरा सोचिए—एक स्त्री के पुनर्विवाह की आयु क्या हो सकती है, क्या होनी चाहिए ? यदि विवाह होने के बाद दो-चार साल में दिखाई दे कि वह विवाह नहीं चल पा रहा है—किसी भी कारण से, तो आप सोचिए—वह आजाद हो कर पुनर्विवाह करना चाहे तो क्या उम्र होनी चाहिए। अगर 30–35 या 40 साल तक की उम्र उस की इस झगड़े में चली जाये और और उस के बाद आप यह आशा करें कि वह अपना जीवन किसी दूसरे के साथ शादी कर के बिता सकती है—मैं समझता हूं कि यह अन्याय होगा।

इसलिए में महिषी जी से अनुरोध करूंगा कि वे सरकार की ओर से इस के पीछे जो भावना है उस को स्वीकार करें और यदि वे सर्वांगीण सुधार करने के लिए कोई कम्प्री-हेन्सिव बिल लाना चाहती हैं—हिन्दू विवाह कानून के बारे में—तो फिर मैं कहूंगा कि ठीक है, मधु जी को कहा जा सकता है कि वे उस आश्वासन को मान लें। लेकिन यदि ऐसी सम्भावना नहीं है तो कम से कम उन को राहत देने के लिए मधु लिमये जी के बिल को स्वीकार करना चाहिए—ऐसी मेरी प्रार्थना है।

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : सभापति जी, मधु लिमये जी जो प्रस्ताव लायें हैं—उस में दो रायें नहीं हो सकतीं। वे स्वयं अन्तर्यामी भी मालूम होते हैं, बहुत से लोगों की व्यथा का शायद उन्होंने अनुभव किया है। इस सम्बन्ध में गहराई से विचार करना होगा और मैं तो मंत्री जी से यह कहूंगा कि इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अगर कोई कमेटी बनाई जा सके और वह विचार करके फैसला दे, क्योंकि जो बड़ी उम्र के लोग हैं कहीं उन को इस से इन्सेन्टिव न मिल जाये, क्योंकि आम तौर पर इस का समर्थन उन लोगों से आया जिन की उम्र लगभग 50 वर्ष से ऊपर है। आम तौर पर वही लोग पुनर्विवाह करते हैं, 50 के बाद ही ऐसे विवाह होते हैं। मंत्री महोदय अगर इस बात को बतलायें तो बड़ी अच्छी बात होगी कि क्या आम तौर पर जो तलाक की दरख्वास्तें आती हैं, वे 50 साल की उम्र के बाद ज्यादातर पुरुषों की तरफ से आती हैं और छोटी ऊमर में लड़कियों की तरफ से आती हैं, लेकिन मेरा अनुभव तो यही है। कई बार बड़ा अजीब सा लगता है—एक मामला मेरी नालिज में आया—सेल्ज टैक्स में डिप्टी कमिश्नर हैं, उन्होंने चाहा कि उन की पुरानी शादी से उन का अलगाव हो जाये। कोर्ट में केस चल रहा है, केस के चलते चलते तंग आ गए, इस बीच में उन्होंने शादी कर ली, अभी कोर्ट में क्या फैसला होगा, पता नहीं। डिप्टी कमिश्नर, दिल्ली और दूसरे आइ० ए० एस० अफसर उन पर टूट पड़े, वह बेचारा क्या करे। वह कहने को तैयार है—अगर अदालत मेरे खिलाफ फैसला करती है तो जो सजा होगी मैं भुगतूंगा, लेकिन जो काम मैं कर रहा हूं उससे वंचित करने की बात क्यों सोची जा रही है। कई बार वर्षों केस चलते रहते हैं लोग थक जाते हैं मैं तो इसे अन्याय ही समझता हूं। इस में कोई शक नहीं है कि जो भी फैसला हो अदालत के द्वारा होना चाहिए, लेकिन फैसला तो हो।

इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मधु लिमये जी का यह प्रस्ताव बहुत

माकूल प्रस्ताव है और मैं इस का समर्थन करता हूं। इस पर एक कमेटी बना कर विचार किया जाय और एक काम्प्रीहेन्सिव बिल लाया जाये। इसके और भी बहुत से मनोविज्ञानिक पहलू हैं, जिन पर विचार किया जाये, क्या कारण है कि लोग इस तरह से अदालतों में चले जाते हैं। हमारी सामाजिक परिस्थिति ऐसी है कि जब तक लोगों को पूरी सिक्योरिटी लाइफ में नहीं होगी तब तक इस ढंग की घटनायें घटती ही रहेंगी और जो समाज हम बनाना चाहते हैं, जो हमारे दिमाग में है कि समाजवादी समाज बने, उस में विवाह विच्छेद की समस्या नहीं होगी। उस वक्त बहुत कम सरकार का दखल मनुष्यों के व्यक्तिगत जीवन में होगा, उस वक्त अदालतों की जरूरत नही रहेगी। लेकिन इस बीच में जब तक कि हमारे आर्थिक स्ट्रक्चर में इस प्रकार का बड़ा मतभेद लोगों मे है, सामाजिक व्यवस्था में है, यह बड़ा सीधा-सादा प्रश्न है और इस का फैसला होना चाहिए। इसके लिए समरी कोर्ट्स हों जिनमें इस किस्म के केसेज किए जाये। यदि उसमें महिलायें भी जज हों तो कोई हर्ज नहीं है; लेकिन फैसले जल्दी हो इस बात की व्यवस्था होनी चाहिए।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और चाहता हूं सरकार गहराई के साथ विचार करके एक काम्प्रीहेन्सिव बिल लाये।

श्री मूल चन्द डागा (पाली): सभापति जी, विवाह केवल शारीरिक संबंध नहीं है, आत्मिक सम्बन्ध भी है। (व्यवधान) धार्मिक भी उसी में आ जाता है। ला कमीशन आफ इंडिया ने जो अपनी 59वीं रिपोर्ट पेश की है उसमें डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जो वर्ड्स हैं उनकी याद मैं आपको दिलाना चाहता हूं :

"In adopting these four legislative measures, Parliament has acted upon the principle formulated by Dr. Radhakrishnan that "to survive, we need a revolution in our thoughts and outlook". From the alter of the past we should take the living fire and not the dead ashes. Let us remember the past, be alive to the present, and create the future with courage in our hearts and faith in ourselves."

डा० राधाकृष्णन ने यह बहुत बड़ी बात कही है। उन्होंने यह भी कहा है :

"The structure of any society, which wants to be strong, homogenous and progressive, must, no doubt, be steady but not static; stable but not stationary; and that is exactly the picture we get if we study the development of Hindu law carefully before the British rule began in India."

अब जैसे आप मंत्री पद पर है, यह बिल ऐसे ही निकल जाये, आप इसको नजरन्दाज कर दें तो इसका दोष कौन लेगा ? मैंने इसमें अमेन्डमेंट दिया है कि जुडीशियल सेपरेशन डिक्री होते दे दिया जाये। मधु लिमये जी के दिमाग में कुछ गड़बड़ है, 6 महीने का क्या मतलब होता है ?

श्री मधु लिमये : आप हमारी बात नहीं मानेंगे लेकिन मैं आपकी बात मानने के लिए तैयार हूं।

श्री मूल चन्द डागा : मैंने 20-25 मुकदमे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में किए हैं। जजेज ने ह्यूमन एप्रोच की कोशिश की लेकिन प्रेम अगर एक बार टूट जाता है तो फिर वह जुड़ता नहीं है। मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर आपस में मन-मुटाव हो जाता है तो फिर उसको दूर करना बड़ा मुश्किल हो जाता है। हिन्दू ला में अमेन्डमेंट करने के लिए ला कमीशन ने खुद लिखा है। उन्होंने कहा है कि एक साल का समय क्यों दिया जाये।

दूसरी बात यह भी है कि अगर कंजुगल राइट्स डिक्री भी हो जाती है तो उसको एग्जीक्यूट कैसे किया जाये ? सिपाही को बिठाकर लड़की को बुलाया जाता है और वह कहती है कि मैं नहीं आ सकती तो फिर उसका एग्जीक्यूशन कैसे हो सकता है। अब दो साल की

डिक्री हुई है कि आप साथ-साथ रहें और लड़की कहती है मैं नहीं रहती तो डिक्री की क्या वैल्यू है। फिर भी आप कहते हैं दो साल इन्तजार करो।

श्री डी० सोहन लाल (करोलबाग) : मैं तो बीस साल चाहता हूं।

श्री मूल चन्द डागा : फिर तो मैं कहूंगा उनको अजायबघर में रखा जाये।

श्री डी० सोहन लाल: अगर समय मिला मैं आपको बताऊंगा।

श्री मूल चन्द डागा : ला कमीशन ने जो अपनी रिपोर्ट दी है, उसमें जो उन्होंने आब्जर्वेशन्स किए हैं जगह-जगह पर उसमें उन्होंने साफ लिखा है कि क्या यह समय रखना जरूरी है ?

डिक्री होने में क्या होता है ? जब रिटिन स्टेटमेंट सबमिट करते हैं तब भी मैजिस्ट्रेट कहता है आप मत लड़िये। आप ह्यूमन एप्रोच की बात करवाते है। फिर जो डिग्री होती है वह भी दो ढाई साल के बाद होती है। इस तरह से चार साल का पीरियड हो जाता है। इसलिए मैं ने मधु लिमये जी से प्रार्थना की है। यह कानून कोई क्रांतिकारी कानून नही है बल्कि एक आवश्यक कानून है। जुडीशियल सेप्रेशन की डिक्री होने के बाद कोई एक दो इंस्टांस ही आप बतायें जिसमें वापिस मिलने को कोशिश की गई। (**व्यवधान**) आज जो हल स.साइटी बनाना चाहते है उसमे फर्क है। आज के समाज में लड़की भी अपने फर्ज को समझती है। आज समाज में जो रहोबदल आ गया है उसको देखते हुए यह टाइम मुकर्रर करना कि दो साल का पीरियड जुडीशियल सेपेरेशन का रहे, मेरी राय में यह ठीक नहीं होगा। इसलिए मैंने जो अमेन्डमेंट दिया है कि बिलकुल समय न रखा जाये उसको आप एक्सेप्ट करें।

श्री डी० सोहन लाल (करोलबाग) : सभापति जी, मैं इस बिल का विरोध करता हूं और जो अभी मौजूदा कानून है उसको सपोर्ट करूंगा। यह दो साल का जो पीरियड रखा गया है, मेरे कई दोस्त नहीं समझते कि यह दो साल का पीरियड क्यों रखा गया है। दो साल का पीरियड इसलिए रखा गया है कि दोनों में जो झगड़ा हुआ है, हो सकता है उसका निपटारा हो जाये। कई सम्बन्धी और दोस्त लोग उसमें मदद पहुंचा सकते हैं। कई मामले ऐसे हुए हैं तभी मैं यह बात कह रहा हूं। आज दुनिया में प्रैक्टीकली बात को नहीं सोचा जाता। यह कोई अनुभव वाली बात भी नहीं है। मैं आपको ऐसे व्यक्ति बतला सकता हूं जिन्होंने लव मैरिज की है लेकिन बाद में रोते है। अगर वास्तव में देखा जाये तो जो पुरानी परम्परा है उसको कुछ नया रूप लेना चाहिए लेकिन जैसा लोग कहते हैं बाल विवाह होते थे परन्तु मैं कहता हूं वह बाल विवाह आज के विवाहों से अच्छे है। (**व्यवधान**) अगर मेरे से पूछा जाये तो वह खानदान का लिहाज, वह परम्परायें और वह शर्म सब अच्छी बातें हैं। लेकिन आप पश्चिमी सभ्यता पर चलना चाहते है। पश्चिमी सभ्यता में जो बुराइयां हैं उनको लेते है लेकिन हमारे यहां जो सभ्यता है, जो अकलमन्दी है उसको नहीं लेना चाहते। पश्चिमी देशों में अगर देखा जाये तो जिसको कन्या कहते है वह हमारे यहा 12 साल के बाद नही रहती और वहां पर 18 साल के बाद नहीं रहती। दोनों जगह इतना अन्तर है। हमारे देश की जलवायु गर्म है, यहां पर 12 साल की लड़की रजस्वला हो जाती है लेकिन पश्चिमी देशों में 18 साल की लड़की रजस्वला होती है क्योंकि वहां की जलवायु ठंडी है। आप उस चीज को लेते नहीं हैं और कहते हैं कि हमारे यहां की कुछ एजूकेशन एसी है। मैं यह मानता हूं कि कुछ नयापन आना चाहिए मगर नयेपन का मतलब यह नहीं है कि बिल्कुल ही हम अपनी सभ्यता को भूल जाएं। अगर सभ्यता को भूलते हैं, तो मैं एक बात कहना चाहूंगा।

हूं कि गवर्नमेंट की तरफ से यह भी लाना चाहिये कि जो कास्ट्स में शादी होती हैं, उन को तोड़ देना चाहिए। आप इस को क्यों नहीं सोचते। आज तो यह है कि अगर ब्राह्मण हूँ, तो ब्राह्मण के यहां शादी होगी और वह दूसरी कास्ट में शादी नहीं कर सकता। आप लाएंगे वह चीज ? नहीं लाएंगे। इसलिए मेरा कहना यह है कि आप ने जो दो साल वाली बात इस बिल में कही है, वह मेरे ख्याल से ठीक नहीं है। मैं तो कहता हूं कि यह 5 साल होना चाहिए ताकि आसानी से वह कोर्ट में न जाए। उन को यह पता होना चाहिए कि इतनी लम्बी अवधि होगी तो परेशानी होगी, इसलिए अच्छा यह हो कि झगड़ा ही न हो।....... (व्यवधान).... अगर आप समय कम रखते हैं तो इस में यह होगा कि शादी कर के ले आए और मन में पसन्द नहीं आई बीवी, तो कल को उस को छोड़ दिया। इसलिए समय कम करने से इस तरह के कैसेज बहुत ज्यादा होंगे।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : जहां तक विच्छेद का कानून है, उस में कोई संशोधन नहीं ला रहे है और यह हरगिज नहीं चाहते कि आज शादी कर के लाए और आप की तबियत नहीं आई, तो कल बीवी को निकाल दिया। इस में आप एक बात को समझ लीजिए कि जब यह बात निश्चित हो जाए कि जूडीशियल सेपरेशन की डिक्री हो जाती है और यह निश्चित हो जाता है कि अलग हो चुके हैं, डाइवोर्स की डिक्री हो जाती है, उस के बाद दोनों को जुदा रखने की कोई वजह है क्या ?

श्री टी० सोहन लाल : दो साल का टाइम ही इसलिए रखा है कि दोनों को सोचने का टाइम मिल जाए। आप यह देखें कि तलाक के लिए ज्यादातर आदमी ही आते हैं।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : बिल्कुल गलत श्री मधु लिमये जी के पास इस के आंकड़े हैं।

श्री टी० सोहन लाल : आप आंकड़े देख लीजिए। 95 फीसदी लोग जाते हैं स्त्रियां नहीं जाती हैं। आज बेचारी स्त्री चाहे जितनी दुःखी हो, वह तलाक नहीं लेती है।

श्री मूल चन्द डागा : औरत के लिए इन्होंने 'बेचारी' शब्द का प्रयोग किया है, इस को हटा दिया जाए। यह शब्द ठीक नहीं है।

MR. CHAIRMAN: He is expressing a view with which you may not be in agreement, but you permit him to express his views.

श्री टी० सोहन लाल : हमारे यहां स्त्री को गऊ माना गया है।

श्री मूल चन्द डागा : स्त्री को पशु भी माना है, यह क्या बात आप करते हैं।

श्री टी० सोहनलाल : चलिये, बराबर का साथी माना गया है।

मैं यह कहूंगा कि यह जो दो साल का पीरियड रखा गया है, इसमें भी कुछ भेद है और इसके होने से हरेक आदमी कोर्ट में नहीं जाएगा। यह बात स्त्रियों के लिए कह सकते हैं, लड़कियों के लिए कह सकते हैं लेकिन यह बात भी सही है कि कुछ स्त्रियां ऐसी हो सकती हैं जो यह कहें कि मेरी शादी मेरी मर्जी के मुताबिक मेरे मां-बाप ने नहीं की है और वे कोर्ट में जा सकती हैं। अगर दो साल से कम पीरियड आप रखते हैं तो ज्यादा कैसेज कोर्ट में जाएंगे। इसलिए दो साल का जो पीरियड रखा हुआ है, वह ठीक है और मैं तो कहूंगा इतना पीरियड होने से बहुत कम लोग शादी-बन्धन को तोड़ते हैं।

श्री वसंत साठे : आप वकील हैं ?

श्री टी० सोहन लाल : अगर वकील होता, तो आप की बात कहता । वकीलों को तो ज्यादा फीस चाहिएं । अगर बीच वाला पीरियड ज्यादा न हुआ, तो ज्यादा केस आएंगे और उतना ज्यादा नामा बनेगा । इसलिए मैं इस बिल का विरोध करता हूं । आप अपने मतलब से इस का सपोर्ट कर रहे हैं ।

श्री बसंत साठे : माफ कीजिए, मैं इन्ट्रप्ट कर रहा हूं । आप ने केस को समझा ही नहीं । जब विवाह-विच्छेद का डिक्री हो जाए, उस के बाद छः महीने रखने की बात इस बिल में कही गई है । जब केस चलता रहे तो इन दो, तीन सालों में वे आपस में तय कर लें कि इकट्ठा रहेंगे या नहीं रहेंगे । तब तो कह दिया कि इकट्ठा नहीं रहेंगे, आपस में लड़ लिये और डिक्री ले ली । अब डिक्री लेने के बाद जबर्दस्ती दो साल तक वेट करने की नीति कहा तक सही है ?

श्री टी० सोहन लाल : मैं आप को बताऊं कि मैंने कई ऐसे मामले देखें हैं जिन के अन्दर तलाक हो चुका था और दो साल का टाइम जो रखा गया है, उस के अन्दर कुछ ऐसी बात हुई कि वे फिर आपस मे मिल गये । ऐसे केस दिल्ली में हुए है । उन के जो बच्चे थे वे बीच में आ कर कड़ी बने और वे दोनों फिर वापस आ गये ।

श्री बसंत साठे : डाइवोर्स की डिक्री के बाद वे कैसे आ गये ।

श्री टी० सोहन लाल : बिल्कुल आ गये ।

श्री बसंत साठे : जुडिशियल सेपरेशन के बाद ।

श्री टी० सोहन लाल : जी हां । पति-पत्नी गुस्से में आ कर कोर्ट में चले गये और डिक्री ले ली, और फिर बाद में वे मिल गये । ये दिल्ली के केस हैं और मैं इन के बारे में जानता हूं । 60, 65 वर्ष की उन की उम्र थी । आप कहते हैं कि यह हो नहीं सकता । अगर दो साल का पीरियड न रखा जाए, तो वे फिर से शादी कर लेंगे और शादी कर लेने के बाद वे फिर एक साथ नहीं आएंगे । दो साल में फिर से एक होने का जो मौका मिलता है, वह नहीं मिलेगा । अगर पीरियड कम होगा, तो दूसरे दिन ही वे शादी कर सकते हैं क्योंकि ज्यादातर तलाक वाले जो होते हैं वे वही लोग होते हैं जो पहले कहीं दूसरी जगह अपनी आंख लड़ाए बैठे रहते हैं । यह बिल्कुल सही बात मैं आप को बता रहा हू वरना जिस के घर में अपनी स्त्री है, वह अपनी स्त्री पर ही सब्र करता है और कभी तलाक वाली बात नही करेगा । इसलिए मैं इस बिल का विरोध करता हूं और जो दो साल का पीरियड इस समय है, वही ठीक है ।

श्री आर० वी० बड़े (खरगोन) : यह जो मधु लिमये जी द्वारा बिल लाया गया है, मैं इस का समर्थन करता हूं, लेकिन मैं उन से पूछना चाहता हूं कि यह जो छः महीने का समय रखा गया है, यह क्यों रखा गया है । मैं कोर्ट में प्रेक्टिस करता हूं और मैंने यह देखा है कि जब कभी डाइवोर्स की डिक्री हो जाती हैं, तो स्त्री दो-दो साल तक इधर उधर मारी फिरती है क्योंकि मेंटिनेन्स का राइट नहीं रहता है । इस पीरियड में वह अपने बच्चे को कैसे संभाले । इसलिए अगर काम्प्रीहैंसिव बिल लाया गया होता, तो बड़ा अच्छा होता । इस बिल के अन्दर यह बात भी होती : "for six months—the time is given—she should be provided with some maintenance." तो अच्छा होता । इस प्रकार का बिल होना चाहिए था । बाकी जो बिल रखा गया है, वह बिल अच्छा है और इस में मुझे कोई आपत्ति नहीं है और मैं इस का समर्थन कर रहा हूं ।

इस बिल के बारे में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि यह जो छः महीने का पीरियड है, उस में आप स्त्री के मेन्टीनेंस के लिए क्या करेंगें । उस के पास खाने पीने को कुछ नहीं है और उस के पास एक छोटा बच्चा है । इसलिए एक काम्प्रीहैंसिव बिल होना चाहिए था और उस में यह होना चाहिए था :

"For six months, the husband or other persons should make some provision for maintenance."

इस प्रकार का प्रोवीजन होना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और मैं चाहता हूं कि इस बिल को पास किया जाए ।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी (जमशेदपुर) : चैयरमैन साहब, यह जो एमेंडमेट मधु लिमये जी लाए हैं, यह एक लिहाज़ से ठीक ही है क्योंकि हिन्दू मैरिज एक्ट, 1955 जो है वह आज कल के लिहाज से थोड़ा पुराना हो चुका है और वह डिफेक्टिव हो गया है । शादियां जो होती हैं वे हमारे यहां जो रस्में हैं उन के लिहाज से होती हैं और हिन्दूओं की अपने लिहाज से होती है, सिक्खों की अपने लिहाज से होती है और सिविल मैरिज कोर्ट में जा कर होती हैं ।

श्री वसंत साठे (अकोला) : सिक्खों के यहां मैरिज किस लिहाज से होती हैं ।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : सब के ढंग अलग-अलग हैं । हम शादी गुरू ग्रन्थ साहब के सामने करते हैं और आप आग के सामने करते हैं ।

जहां तक डिक्री के बाद के टाइम का सवाल है, मैं समझता हूं कि इस में टाइम का सवाल ही क्या है । जब सम्बन्ध टूट गया, तो मामला खत्म ही गया, मगर एक बात का ख्याल आप को रखना चाहिए । यहां पर बहुत से वकील साहबान बैठे हुए हैं । मैं एक बात कहना चाहता हूं । आप अमेरिका की तरफ देखिये । आप ने किताबों में पढ़ा होगा कि अमेरिका में शादियां और तलाक बहुत जल्दी-जल्दी होते हैं और योरोपियन कन्ट्रीज की बात भी यही है । पिछली दफा एक मैगजीन में निकला था कि एक औरत है जिस की उम्र 40 साल की है और उस का वह 15 वां, 16 वां या 20 वा तलाक था । इसलिए यह जो डाइवोर्स की बात है, इस के बारे में गवर्नमेंट को बहुत समझ-बूझ कर कानून लाना चाहिए और जैसा कि और माननीय सदस्यों ने भी कहा है, एक काम्प्रीहैंसिव बिल इस सम्बन्ध में आना चाहिए । आज यह एमेंडमेंट लाए हैं, कल को और लानी पड़ेगी । डाइवोर्स इतने ज्यादा नहीं होते हैं । लेकिन डिक्री के बाद जो समय है उसको रखने की बिल्कुल जरूरत नहीं है । इस में तो कोई आपत्ति की बात नहीं होनी चाहिये । मैं कहूंगा कि गवर्नमेंट इस बिल को लाती और साथ-साथ और भी उसको चाहिये कि एमेंडमेंट् वह लाएं । ऐसा उसने किया तो बहुत अच्छा होगा ।

श्री मती सावित्री श्याम (आंवला) : लिमये जी का यह जो छोटा सा सुझाव है यह बहुत ही प्रगतिशील सुझाव है । इस सुझाव को देख कर बड़ी प्रसन्नता मुझे हुई है । सभी माननीय सदस्यों ने इस कदम का स्वागत किया है सिवाय एक दिल्ली के मैम्बर के । इस में संदेह नहीं है कि समाज के एक वर्ग पर ही वह चीज लागू होती है । सभी के लिए यह कानून नहीं है । विवाह एक सेक्रेड कंसेप्ट है, एक पवित्र संस्कार है । इस संस्कार ने अपनी जड़ें बहुत गहरी जमा रखी है । सदियों से स्त्री इस शृंखला की कड़ी के रूप में खड़ी आपको नजर आएगी । गुलामी की जंजीरों के बंधनों में वह जकड़ी हुई है । जन्म से लेकर होश सम्भालने तक और जब कभी उसके विवाह की बात होती है घर वालों की तरफ से तो उसको यही शिक्षा दी जाती है कि तू उस घर से तभी निकलना जब तेरी -- मृत्यु ही

जाए, तेरी अर्थी ही वहां से निकले। इतनी अबला, इतनी तुच्छ और इतनी छोटी उसको बना दिया जाता है। उसके अन्दर सोचने समझने की शक्ति बिल्कुल खत्म हो जाती है।

विवाह एक पवित्र संस्कार है। इस कमेटी का एक मैम्बर होन के नाते मुझे बहुत कुछ देखने को मिला है विशेषकर गुजरात और महाराष्ट्र में। मैं इन दो प्रान्तों की बात इसलिए कह रही हूं कि उनके हमने उदाहरण पेश किए हैं। महिलाएं कसकती हैं, कराहती हैं, हृदय में दुखी होती हैं और ये भाव उसके चेहरे से साफ झलकते हैं साफ पता चलता है कि कितनी आत्मिक पीड़ा इसको है लेकिन फिर भी वह कुछ नहीं कहती है। इस प्रगतिशील युग में जबकि आर्यभट्ट दुनिया के चक्कर लगा रहा हो वहां हम उसी पुराने संस्कार पर अड़े रहें कि विवाह एक पवित्र चीज है और वह बंधन जिन्दगी भर नहीं टूट सकता है, इस जिन्दगी में तो क्या मृत्यु के उपरान्त भी टूटने वाला नहीं है और ऐसे प्रगतिशील कदम को न उठाएं तो यह न्यायोचित बात नहीं है, न महिलाओं के साथ न्याय करना और न पुरुषों के साथ न्याय करना होगा।

यह ठीक है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस बात की घोषणा कर दी है कि दुनिया की महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक मिलने चाहिएं, उनके साथ आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर न्याय होना चाहिए। हिन्दुस्तान ने भी आवाज उठाई है कि स्त्रियां जो दबी रही हैं, जिन को अबला बनाया गया है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। स्त्रियां वेद पढ़ा करती थीं। पटना हाई कोर्ट ने शेड्यूल्ड कास्ट की महिलाओं को वेद पढ़ने से मना कर दिया। सवर्णों के लिए उसने कुछ नहीं किया। वेद पढ़ने तक उन पर रोक लगा दी गई, उपनिषद नहीं पढ़ सकती हैं, आप देखें कि जब आवश्यकता पड़ती है पुरुषों को लक्ष्मी की, धन की तो वे लक्ष्मी के रूप में स्त्री की पूजा करते हैं, जब जरूरत पड़ती है विद्या की तो सरस्वती के रूप में उसकी पूजा करते हैं और जब शक्ति की जरूरत होती है तो देवी दुर्गा की पूजा करते हैं। हर रूप में स्त्री की पूजा करते हैं। अन्नपूर्णा मान कर उसकी पूजा की जाती है। लेकिन मैं यह भी कहना चाहती हूं कि जितना शोषण स्त्रियों का हुआ है उतना किसी का नहीं हुआ है। आज उन में शिक्षा कुछ बढ़ रही है। वह अपने पांवों पर खड़ी हो रही है और आगे बढ़ रही है। पुरुष समाज में इतनी पशु वृत्ति आज बढ़ गई है कि इसके वशीभूत हो कर उसने जानबूझ कर उसको वेश्या बनाना शुरू कर दिया है। पुरुषों की इस वृत्ति के कारण ही उसको मजबूर हो कर वैश्या बनना पड़ता है और वैश्या वृत्ति बढ़ रही है। कहने का तात्पर्य यह है कि मुझे खुशी है कि पुरुष समाज इस प्रकार के प्रगतिशील कदम उठाने के लिए तत्पर हो रहा है। जैसे डागा जी ने कहा था कि प्रेम का बंधन एक बार अगर टूट गया तो वह दुबारा नहीं जुड़ सकता है, उस में गांठ पड़ जाती है। यह कच्चे धागे के समान होता है, एक बार टूट जाए तो गांठ पड़ जाती है लेकिन जुड़ता नहीं है। अगर स्त्री और पुरुष साथ-साथ नहीं रह सकते, जीवन नहीं बीता सकते और सैपरेशन लेना चाहते हैं तो मैं महिषी जी से निवेदन करूंगी कि वह भी एक महिला हैं, उनका विवाह नहीं हुआ है लेकिन महिलाओं की कठिनाइयों को वह भली प्रकार समझती हैं, उनके दुखों का एहसास उनको है, कि वह ही एक बिल हाउस में लाएं और जो बहुत बड़े गैप्स हैं कि शादी के तीन बरस तक स्त्री या पुरुष कोई एप्लीकेशन नहीं दे सकता है, उसके बाद चार छः साल तक मुकदमा चलने के बाद जब उनको ज्यूडिशल सैपरेशन मिल भी जाता है तो दो बरस तक फिर उनको इंतजार करना पड़ेगा, इन अवधियों को वह हटाएं। यह जो बाद की अवधि है इस को मेल कराने की रिक्लेवा, कोशिश करेंगे, जब कोशिश करेंगे या कोई

दूसरा करेगा इससे बहुत सा जिन्दगी का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाएगा इस वास्ते मानवता की दृष्टि से भी आप विचार करें तो आप इसकी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि सैपेरेशन का रिजल्ट यह होना चाहिए कि डिक्री हो जाने के बाद कोई और समय देने की आवश्यकता नहीं है। इस वास्ते यह जो कंसेप्ट है, यह जो उसूल है इसको वह स्वीकार करें और अपनी ओर से कोई दूसरा बिल इस सदन में लाएं। हमारी समिति ने जो रिपोर्ट दी है और उस में जो सिफारिशें हैं उनको भी वह ध्यान से देखें और जो-जो सिफारिशें समझती हैं कि अच्छी हैं उनको कार्यान्वित करने की कोशिश करें।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सरोजिनी महिषी): हिन्दू विवाह कानून में संशोधन करने के लिए जो बिल लिमये जी लाए हैं उस पर कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए हैं। मुझे खुशी है कि बहुत से माननीय सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है। मैं यह भी नहीं कहती हूं की हर सदस्य को निजी अनुभव के आधार पर ही बात कहने का अधिकार है। आयु बहुत छोटी होती है लेकिन अनुभव बहुत लम्बे होते हैं। हर चीज का अनुभव हर किसी को प्राप्त हो यह नहीं हो सकता है। हर कोई अपने विवेक से, बुद्धि से, सोच विचार करके औरों के लिए भी मन बना कर आगे बढ़ता है। कानून क्या चीज है। कई सालों के अनुभव और अनुभूतियों को नियमों के अधीन जो रखा जाता है, वही कानून है। कानून कोई दूसरी चीज नहीं है। crystalised commonsense of the people for ages together.

MR. CHAIRMAN: Codified

SHRI N. K. P. SALVE: Organised.

डा० सरोजिनी महिषी: इसलिए कानून में संशोधन होते रहना जनता की सुविधा के लिए या समाज की सुविधा के लिए बुरा नहीं है। लेकिन बार-बार नहीं होना चाहिए और ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि बिलकुल भी न हो। सुविधा के लिए कानून में परिवर्तन होना अत्यन्त आवश्यक है। हिन्दु विवाह विधेयक में जो संशोधन लाने वाला विधेयक रखा गया है और जो भाषण उस पर हुए हैं उन से मुझे यही लगा है कि सदन इसके बारे में बहुत जागृत है, सचेष्ट है। मेरे विचार में सदन इस बारे में बहुत जागृत और काफी सतर्क रहा है। जब हिन्दु कानून का कोडिफिकेशन हुआ, तो उस समय भी लोगों ने उस का बहुत विरोध किया था, क्योंकि पुरानी विचार-धारा से अलग होना, या उससे थोड़ा सा दूर होना, लोग अच्छा नहीं समझते थे, और वे समझते थे कि इस से काफी हानि होगी। जो परम्परागत चीज है, चाहे वह चीज अच्छी हो या बुरी हो, उस के साथ चलना बहुत आसान है। It requires live fish to go up the tide, any place of log can come down. जिस दिशा में लहरें चलती है, उस दिशा में चलते रहना बहुत आसान है, लेकिन लहरों के विरोध में जाना बहुत ही मुश्किल है। लेकिन आपने देखा कि जब हिन्दू कानून का कोडिफिकेशन हुआ, तो उसका काफी विरोध हुआ, लेकिन उस के बावजूद जनता की भलाई के लिए, समय की सुविधा के लिए, समय की मांग को देखते हुए, समय की गति को दृष्टि में रखते हुए, उस समय जो प्रधान मंत्री थे, उन्होंने बहुत हिम्मत के साथ यह काम करवाया। इस से जनता की बहुत भलाई हुई। इसीलिए आज लोग कहते हैं कि हिन्दु कानून का कोडिफिकेशन होने से बहुत अच्छा हुआ, वर्ना बड़ा मुश्किल होती।

16.29 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the chair*]

और भी कई कानूनों में एक सैक्शन में एक बात कही जाती है और दूसरे सैक्शन में दूसरी बात कही जाती है—परिवर्तन करना भी चाहते हैं और नहीं भी करना चाहते हैं, क्योंकि यह पर्सनल कानून है। वैयक्तिक कानून में विवाह,

[डा० सरोजिनी महिषी]

विच्छेद और दत्तक इत्यादि की व्यवस्थायें होने की वजह से, और सदियों से रूढ़िगत होने की वजह से भी, कुछ लोग उस में परिवर्तन लाना अच्छा नहीं समझते हैं। कुछ लोग जरूर यह समझते हैं कि इस में परिवर्तन करना चाहिए, क्योंकि वे प्रगति चाहते हैं, और जिस को वे प्रगति कहते हैं, उस की व्याख्या भी वे लोग दे सकते हैं। जो गति है—वह गति इस दिशा में हो या उस उस दिशा में, वे यह नहीं बता सकते हैं—, वही प्रगति है।

जब अदालत के द्वारा ज्यूडिशियल सैपरेशन या रैस्टीट्यूशन आफ कंज्यूगल राइट्स के बारे में निर्णय दे दिया गया, तो उसके बाद जो दो साल की लम्बी अवधि हिन्दु कानून में रखी गई है, वह नही रहनी चाहिए, इसके बारे में श्री मधु लिमये संशोधन लाये हैं। माननीय सदस्य ने पुराने संस्कृत साहित्य की बात कही है। पूरा हिन्दू कानून संस्कृत में हैं। मनु, गौतम, याज्ञवल्क्य और बोधायन इत्यादि की स्मृतियां सब संस्कृत से हैं। इसीलिए बारबार उसका रैफरेंस देना पड़ता है।

श्री राम सहाय पांडे (राजनन्दगांव) : विवाह, विवाह-विच्छेद और विवाह संकल्प आदि के बारे में मंत्री महोदय बड़ी विद्वता के साथ बता रही हैं। लेकिन वह यह भी बता दें कि याज्ञवल्क्य की पत्नी का क्या हाल हुआ था। विवाह की धारा वहीं से आरम्भ हुई थी। यदि मंत्री महोदया वह वृत्तान्त बता दें, तो सदन के लिए बहुत रुचिकर होगा।

डा० सरोजिनी महिषी : इस समय उस वृत्तान्त की कोई संगति नहीं है। अगर श्री पांडे जी उसको सुनने की दिलचस्पी है, तो वह किसी अच्छी जगह पर वह प्रवचन रखें।

श्री राम सहाय पांडे : मंत्री महोदया ने याज्ञवल्क्य का जिक्र किया, तो मुझे इसका स्मरण आया। अगर मंत्री महोदया यह बता दे कि याज्ञवल्क्य और उनकी पत्नी के सम्बन्ध कैसे थे, तो अच्छा है, क्योंकि विवाह की धारा वहीं से शुरू हुई।

सभापति महोदय : क्या यह जानकारी इस बिल के लिए आवश्यक है?

श्री राम सहाय पांडे : मैं अपनी भ्रान्ति दूर करना चाहता हूं।

डा० सरोजिनी महिषी : श्री पांडे ने उसको किस ढंग से समझा है, यह मेरी समझ में नहीं आया। भ्रान्ति को दूर करने का न यह स्थान है और न ही इस समय इसका औचित्य है। उनको भ्रान्ति है भी या नहीं, मुझे यह भी पता नहीं है।

विवाह के साथ-साथ विच्छेद की बात उस समय भी थी। लेकिन इस समय उसके सुसंस्कृत वर्शन, रिवाइज्ड वर्शन, को भी हम हिन्दू कानून मे देखते हैं। इस विषय से सम्बन्धित धाराएं 13 और 15 है। उनके बीच में धारा 14 भी है, लेकिन श्री मधु लिमये के बिल में उसका रैफरेंस नही है। श्री सोमनाथ चटर्जी ने उसके बारे मे एक अमेंडमैंट दिया है। किन्तु ओरिजनल बिल में वह न होने की वजह से उस पर बोलने की जरूरत नहीं है। हिन्दू कानून में विवाह एक संस्कार है।

श्रीमती टी० लक्ष्मीकान्तम्मा : कन्यादान क्या है? कन्या को दान करते हैं जानवर की तरह।

डा० सरोजिनी महिषी: इस विषय में कई विचारधाराएं हैं और कई क्रांतिकारी विचार आ चुके हैं। विवाह का रजिस्ट्रेशन भी एक क्रांतिकारी विचार है। जो पुरानी बुनियाद थी, उसके आधार पर रजिस्ट्रेशन का प्रावधान लाया गया जो कि उस वक्त क्रांतिकारी लगता था। आज भी हिन्दू कानून के अनुसार रजिस्ट्रेशन करना ओप्शनल रखा गया है। हरेक स्टेट को इसके बारे में कानून बनाकर उसको कंपलसरी बनाने का अधिकार है, लेकिन आपने देखा है कि अभी तक किसी

राज्य सरकार ने उसको कम्पलसरी नहीं बनाया है। अगर वह कम्पलसरी बन भी जाता है, तो उसको क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकारों की मशीनरी से ही काम लेना पड़ता है। यह सारा लैजिस्लेशन जनता के सहयोग पर अवलम्बित रहता है। राज्य सरकारों ने अभी तक इसको कम्पलसरी क्यों नहीं किया, इसके बारे में माननीय सदस्यों को सोचना चाहिए। अगर केन्द्रीय सरकार को करना है, तो वह यूनियन टैरीटरीज के लिए कर सकती है, वह सारे भारत के लिए भी कर सकती है, लेकिन उसको कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकारों की मशीनरी को ही इस्तेमाल करना पड़ता है।

सभापति महोदय : इसको कार्यान्वित करने में क्या दिक्कत है ? इस बिल में ऐसा कोई सवाल नहीं है ।

श्री मधु लिमये : इस विधेयक के बारे में कुछ अन्य प्रश्न भी उठाये गये हैं । मंत्री महोदया उनका जवाब दे रही हैं। रजिस्ट्रेशन आफ़ मेरिजेस, बिगैमी और पौलीगैमी, ये सब विषय इससे जुड़े हुए हैं । बिगैमी और पौलीगेमी डाइवोर्स के ग्राउन्ड होते हैं ।

डा० सरोजिनी महिषी : श्री मधु लिमये ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक धार्मिक और राजनैतिक दुर्बलता आदि कई विषयों का जिक्र किया है। देहात में गोबर गैस प्लान्ट भी नहीं हैं। इसलिये महिलाओं को बहुत परिश्रम करना पड़ता है। मैं इस बात से सहमत हूं कि महिलाओं की सारी शक्ति उसमें खर्च हो जाती है और दूसरी तरफ़ सोचने के लिये, दूसरे कामों में अपनी शक्ति इस्तेमाल करने के लिये उनको समय और मौका नहीं मिलता है। माननीय सदस्य का मतलब यही था कि महिलाओं का सारा समय खाना बनाने और घर की देखभाल करने में निकल जाता है। उनका मूल आशय यही है कि महिलाओं की सारी शक्ति खाना बनाने आदि में खर्च नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने यह भी कहा कि कई स्थानों पर महिलाओं को पीने का पानी भी दूर से लाना पड़ता है, वगैरह, वगैरह। महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं को, जो कि लम्बे अर्से से चली आ रही हैं, दूर करने के लिये, और उनको भारतीय नागरिक के तौर पर जो स्वतन्त्रता मिली है, उसको पूरे ढंग से इस्तेमाल करने के लिये, उनको जो अवकाश और मौका मिलना चाहिये, वह उनको नहीं मिलता है।

हम सब इस बात से सहमत हैं, लेकिन इसको कैसे करना है, इसके बारे में सब लोगों को मिलकर सोचना है। जनता में जो रूढ़ियां आई हैं उनको हटाने के लिये क्या कोशिश करनी चाहिये ? किन्तु हम उनको एक दिन में नहीं हटा सकते हैं। कानून से उनको कैसे हटायेंगे ? जनता को साथ लेकर उन अनिष्ट रूढ़ियों और कुरीतियों को हटाना पड़ता है। उसके लिये कोशिश की जाती है, लेकिन वह कोशिश काफ़ी नहीं है ।

विवाह और विच्छेद के बारे में याज्ञवल्क्य की स्मृति में कई बातें दी गई थीं :

> नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ,
> पंचसु आपत्सु स्त्राणां तिरन्यो विधीयते ।

श्री मधु लिमये : अभी तक हमारे एक्ट में यही ग्राउन्ड्स हैं ।

डा० सरोजिनी महिषी : लेकिन कई ग्राउन्ड्स उसमें शामिल की जा सकती हैं, क्योंकि समाज का चित्र बदल चुका है, समाज में कई मूल्यों का परिवर्तन हो चुका है। इसलिये उसमें कई और ग्राउन्ड्ज़ को जोड़ा जा सकता है ।

माननीय सदस्य जो बिल लाये हैं, उसका आशय यह है कि अदालत के निर्णय के बाद जो दो साल का समय रखा गया है उसको घटा कर 6 महीने रखना चाहिये, क्योंकि जब पति और पत्नी में संघर्ष, मतभेद और विरसता होती है, तो उनके साथ आने का कोई

[डा० सरोजिनी महिषी]

मौका नहीं होता है, इसलिये इतनी लम्बी अवधि रखने की क्या जरूरत है ?

ला-कमीशन ने अपनी 59वीं रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि इस अवधि को दो साल से घटा कर एक साल किया जा सकता है, इसमें 50 प्रतिशत की कमी की जा सकती है, क्योंकि फ़िर भी यह आशा की जा सकती है कि वे साथ आ जायें और फ़िर पति-पत्नी के रूप में सम्बन्ध रखें ।

श्री मधु लिमये का कहना है कि धारा 15 में कहा गया है कि डाइवोर्स के बाद पुनर्विवाह के लिये जो एक साल क अवधि रखी गई है, उसको कम करके 3 महीने कर दिया जाये । लेकिन ला-कमीशन ने सुझाव दिया है कि कोई समय रखने की जरूरत नहीं है । गवर्नमेंट इसके बारे में विचार कर रही है । ला-कमीशन को इन मामलों पर विचार और अध्ययन करने के लिये कहा गया था और उन्होंने अपनी रिपोर्ट सबमिट कर दी है ।

श्री मधु लिमये : हर बात में, सोशल मामलों में भी, ला-कमीशन को बीच में क्यों लाया जाता है? अगर सरकार किसी को वजन देना चाहती है, तो वह इस कमेटी को देगी, या ला-कमीशन को देगी ? मैं कमेटी के सुझावों को ज्यादा महत्व दूंगा । ला-कमीशन में सब कंज़रवेटिव लोग भरे हुए हैं ।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : ला-कमीशन भी इस बात को तो मानता है न कि जुडीशियल सैपरेशन के बाद जो दो साल का समय दिया हुआ है, वह समय ज्यादा है । माननीय सदस्य 6 महीने का सुझाव दे रहे हैं जबकि ला-कमीशन साल भर की बात कह रहा है । क्या मंत्री महोदया यह बता सकती हैं कि 6 महीने और एक साल में राशनेल क्या है ? जहां तक डाइवोर्स का सम्बन्ध है, ला-कमीशन का कहना है कि उसके बाद कोई समय नहीं रखना चाहिये । श्री मधु लिमये उसको मानने के लिये तैयार हैं । जब सिद्धान्त को माना जा चुका है और कमीशन की रिपोर्ट और कमेटी की रिपोर्ट इतने दिनों से सरकार के सामने है, तब इस बात का क्या औचित्य है कि इस प्रश्न को यह कह कर आगे धकेल दिया जाये कि यह विचाराधीन है ?

सभापति महोदय : अभी मंत्री महोदया अपने भाषण में ऑपरेटिव पोर्शन पर नहीं आई हैं । वह अभी सरकार की राय देंगी ।

डा० सरोजिनी महिषी : मैं ला-कमीशन की राय बता रही हूं । सरकार की राय भी मैं अभी बताती हूं । यह मामला ला-कमीशन के सुपुर्द किया गया और उसने अध्ययन करके अपनी राय दे दी ।

माननीय सदस्यों ने भी जो राय दी है, सरकार उस पर भी सोचती है । विभिन्न लोग इस बारे में जो विचार व्यक्त करते हैं, उनको दृष्टि में रखते हुए, किस किस्म का परिवर्तन करना चाहिये, इसके बारे में हमेशा सोचा जाता है । ला-कमीशन ने जो रिपोर्ट दी है, उस पर पूरी तरह से सोच कर एक बिल जल्दी से जल्दी यहां पर लाने का हम प्रयास कर रहे हैं । ला-कमीशन के सुझाव माननीय सदस्यों के सामने हैं । लेकिन यह जरूरी नहीं है कि जिस रूप में उसने सुझाव दिया है, उसी रूप में उसको स्वीकार करना चाहिये । लेकिन उसका सार इस सदन और सरकार के सामने है । सरकार उसके बारे में सोच-विचार करके, परामर्श करके, कोई निर्णय लेगी और बाद में इस सदन के सामने रखेगी । वह बिल इस सदन के सामने पेश किया जायेगा ।

श्री मूल चन्द डागा : सरकार की क्या मंशा है ?

सभापति महोदय : सरकार की मंशा बिल में आ जायेगी ।

श्री मूल चन्द डागा : श्री गोखले ने ला-कमीशन को जो लैटर एड्रैस किया,

उसमें लिखा था कि जल्द से जल्द इस रिपोर्ट को दिया जाये। उसको आज डेढ़ साल हो चुके हैं। अगर सरकार डेढ़ साल तक बैठी रहे और इस अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में भी बिल लेकर न आये तो यह उचित नहीं है। मंत्री महोदया हमारी बातों की तारीफ करती हैं और अन्त में कहती हैं कि सरकार इस बारे में विचार कर रही है। हमने कहा है कि समय को कम किया जाये। मंत्री महोदया बतायें कि क्या सरकार इस सुझाव को मान रही है ?

डा० सरोजिनी महिषी : मैंने तीन बातें कही हैं : परिवर्तन जरूरी है, परिवर्तन के बारे में ला-कमीशन की राय भी हमसे सहमत है और सरकार उसके बारे में विचार करके जल्दी से जल्दी एक विधेयक लाने की कोशिश कर रही है ।

सभापति महोदय : क्या मंत्री महोदया "जल्दी से जल्दी" की कोई समय मर्यातदा दे सकती हैं ?

डा० सरोजिनी महिषी : आपको मालूम है है कि जल्दी-से-जल्दी की व्याख्या किसी डेट के रूप में देना बड़ा मुश्किल होता है। लेकिन माननीय सदस्यों और सरकार का उद्देश्य एक ही है ।

सभापति महोदय : क्या वह विधेयक अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में आयेगा ?

डा० सरोजिनी महिषी : जरूर आ जायेगा ।

श्री राम सहाय पांडे : जो माननीय सदस्य—श्री डागा, श्री साल्वे आदि—इतने उतावले हो रहे हैं, क्या उनका मन साफ है ? क्या दाल में कुछ काला तो नहीं है ।

डा० सरोजिनी महिषी : यह विधेयक केवल महिलाओं से सम्बन्धित नहीं है, ऐसा नहीं है। यह पूरे समाज से सम्बन्धित है। यह विधेयक सामाजिक कानून में परिवर्तन लाने के लिये और पूरे समाज की भलाई के लिये है। इसको जल्दी से जल्दी लाने का प्रयास किया जायेगा ।

इसलिये माननीय सदस्य से मेरी प्रार्थना है कि वह अपने संशोधन विधेयक को वापस ले लें। जो दूसरे अमेंडमेंट पेश किये गये हैं, सरकार का इरादा उनको भी स्वीकार करने का नहीं है। इसलिये माननीय सदस्य उनको भी वापिस ले लें ।

श्री मूल चन्द डागा : मंत्री महोदया ने 6 महीने और एक साल के बारे में कोई रीजन्स नहीं बताय हैं। उसके लिये रीजन्स क्या हैं ?

सभापति महोदय : वह बिल में बतायेंगी ।

श्री मधु लिमये (बांका) : सभापति महोदय, सब से पहले मै सोमनाथ चटर्जी के संशोधन के बारे में कहूंगा। उन्होंने धारा 14 में संशोधन दिया है, जिसमें यह कहा गया है :

"Notwithstanding anything contained in this Act it shall not be competent for any court to entertain any petition for dissolution of a marriage by a decree of divorce unless at the date of presentation of the petition 3 years have elapsed since the date of marriage."

माननीय सदस्य अपने संशोधन के द्वारा यह चाहते हैं कि 3 वर्ष की जगह 1 वर्ष रखा जाये। मैं ने उसको इसमें इसलिये शामिल नहीं किया है, क्योंकि मैं भी यह नहीं चाहता हूं कि लोग शादी होते ही विच्छेद की चर्चा शुरू कर दें। यह मैं मानता हूं कि कोशिश यह की जाय कि अगर कुछ विवाद हुआ है, झगड़ा हो गया है तो उसको सुलझाने का प्रयास किया जाये। इसलिए यह जो तीन साल की ऐबसोल्यूट लिमिट है उस के लिए मैंने इसमें स्पर्श तक नहीं किया है ।

एक माननीय सदस्य : करना चाहिये था।

श्री मधु लिमये : नहीं, इसके बारे में मैं बता रहा हूं कि तीन साल की यह जो मियाद है उस को तो मैंने हाथ नहीं लगाया है।

एक माननीय सदस्य : आपकी दृष्टि में तीन साल अधिक नहीं हैं ?

श्री मधु लिमये : है, लेकिन तीन साल तक प्रयास करके समझौता हो सकता है। इसलिये इसको तो मैंने छुआ तक नहीं। लेकिन बाकी जो मेरा सुझाव है कि जूडीशियल सेपरेशन के बाद दो साल की जगह पर 6 महीने कर दिया जाये, अब जूडीशियल सेपरेशन के लिए ही नियम है, उसके लिए एक ग्राउन्ड यह दिया है :

"Deserted the petitioner for a continuous period of not less than two years immediately preceding the presentation of the petition."

यानी दो साल तो है ही। इसलिए उसके और दो साल और फिर डाइवोर्स और फिर एक साल, पूरी योजना को देखना चाहिए। जब तीन साल की एक मर्यादा है ही तो उस सीमा के अन्दर इस अवधि को घटाने से कोई नुकसान नहीं होता है और एक साल वाला जो मामला है यह कितना तकलीफदेह है इसका एक उदाहरण मुझको मिला है। यह बहुत ही एक प्रोजेक्टेड केस है और चूंकि अदालतों के निर्णय साफ नहीं हैं इसलिए क्या नतीजा हो रहा है, यह आप देखिए। उस व्यक्ति का नाम मैं नहीं लेना चाहता। उसका एक केस आया, उस में इस तरह इश्यूज फ्रेम किए गए :

"(1) Whether the marriage of the parties is void ab initio in view of the proviso to Section 15 of the Hindu marriage Act, 1955?

(2) What is the effect of the respondent having disclosed to the petitioner and her parents the factum of the said decree of divorce before the parties entered into marriage with each other.

उस के ऊपर जज कहता है :

(3) According to the admitted facts of the parties, the respondent was previously married to X against whom he obtained a decree of divorce on 28th May, 1970 in Matrimonial Case No. 46 of 1970 from the Court of....

In view of the proviso to Section 15 of the Act, the marriage of the parties having taken place before the lapse of one year from the date of the decree of divorce is not lawful and must be held void *ab initio*.

It has been held in (1968 Allahabad) that remarriage in contravention of proviso to Section 15 is void *ab initio*.

अब उसका नतीजा क्या है ? उन्होंने कहा कि एक साल नहीं हुआ है यह मैंने बीवी को और उसके रिश्तेदारों को बता दिया था, तो भी जज कहता है :

"Parties could not contract themselves out of mandatory legal provisions of law contained in the proviso to Section 15 the Act and consequently, disclosure as alleged is meaningless and has no effect on the illegality of the marriage of the party."

उसके बाद क्या हुआ ? फिर एलिमनी वाला मामला आया। यह बहुत विचित्र केस है कि पत्नी के रिश्तेदारों ने दबाव डाल कर इस केस में मैरिज को ऐब इनिशियो नल एंड वायड करवाया। उसके बाद एलिमनी का जब सवाल आया तो जज कहता है— एक से दूसरा जुड़ा हुआ होता है, मेरा बिल 25 पर नहीं है, लेकिन ये कान्फ्लिक्टिंग

जजमेंट देखने के बाद जिस काम्प्रीहेंसिव विधेयक की बात मैं कर रहा था उसमें यह भी आना चाहिए। सेक्शन 25 में एकी डिक्री की परिभाषा की गई है। नलिटी वाली डिक्री का जहां तक सम्बन्ध है, उस में तो वह पत्नी ही कहती है कि यह जो शादी हुई है यह शादी थी ही नहीं। यह अवैध थी और फिर वही एलिमनी के लिए भी कहती है। तो अगर यह एक साल वाला कानून नहीं होता तो यह सारी आफत नहीं आती। इसलिए मैं कहता हूं कि एक धारा से दूसरी धारा का सम्बन्ध है, दूसरी धारा से तीसरी धारा का सम्बन्ध है। अब इसके बारे में गुजरात और इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि नलिटी के केस में भी यह एलिमनी वाला लागू हो जाता है। मद्रास हाईकोर्ट ने उस के विपरीत निर्णय दिया है। मैं दोनो पढ़ कर सुनाता हूं। उन्होंने यह कहा है :

"We may express our view having regard to the argument at the bar that sec. 25 cannot be construed in such a manner as to hold that notwithstanding the nullity of marriage, the wife retains her status for purposes of applying for all many and maintenance. The proper construction of s. 25 in our view would be that where a marriage is admittedly a nullity, but where the question of nullity is in issue and is contentious, the court has to proceed on the assumption until the contrary is proved that applicant is the wife. It is in that sense that s. 25 should be appreciated".

इस में स्पष्ट रूप से मैं यह सुझाव रखना चाहूंगा कि नलिटी डिकलेयर करने में मर्द का हाथ है और औरत का नहीं है तो मैं चाहता हूं कि इस को इस तरह बदला जाय कि उस के ऊपर जिम्मेदारी आएगी लेकिन जहां उस का दोष नहीं है वहां तो इस को आप सोच सकते हैं। लेकिन अगर यह एक साल आप खत्म ही कर देंगे तो इस तरह की जो समस्यायें हैं वह नहीं आएंगी।

मंत्री जी ने कहा कि बहुत जल्दी विधेयक आएगा और जल्दी की व्याख्या करने से इनकार किया उन्होंने। लेकिन जल्दी की जो यहां व्याख्या है वह मैं उन के सामने रखना चाहता हूं। फारेन मैरिजेज बिल राज्य सभा में पारित हो कर चार साल तक यहां पड़ा था।

एक माननीय सदस्य : एक साल में लाएंगे।

श्री मधु लिमये : नहीं, इससे नहीं चलेगा।

हिन्दू मैरिजेज एक्ट का एक संशोधन हुआ था चौथी लोक सभा में। सब लोगों के हाथ पैर पकड़ कर लोगों के साथ अनुनय विनय कर के मैं ने पास करवाया था। दो घंटे के अन्दर फारेन मैरिजेज बिल की भी इसी तरह बिना डिस्कशन के तीनों स्टेज यहां पर पास हो गई थीं। लेकिन उस के लिए इतनी दफा मुझे प्रधान मंत्री को और रघुरमैया को लिखना पड़ा। यह जल्दी की जो व्याख्या है वह करने से इन्होंने इन्कार किया इस में कई साल लगेंगे।

सभापति महोदय : उन्होंने एक बात और कही जो आप ने सुनी होगी कि यह जो वर्ष है महिला वर्ष उसी के अन्दर लाने का प्रयास किया जायगा।

श्री मधु लिमये : इंट्रोडक्शन और पास होने में बहुत अंतर है। इन्होंने केवल वचन यह दिया है कि हम इंट्रोड्यूस करेंगे।

एक माननीय सदस्य : नहीं, नहीं, पारित भी करेंगे।

श्री मधु लिमये : तो अगले सेशन में क्यों नहीं कहती हैं पारित करने के लिए, तब मैं वापस ले लेता हूं। मानसून सेशन में यह विधयक हम लोग लोक सभा में पास

करेंगे यह आश्वासन देंगे तो हम इस को वापस लेने के लिए तैयार हैं, नहीं, इसमें कोई पार्टी का सवाल नहीं है, इस पर एक व्यक्ति को छोड़ कर सभी लोगों ने इस का समर्थन किया है । अभी सरोजिनी जी ने कहा था कि जब हिन्दू कोड बिल आया तो इतना जबर्दस्त विरोध था कि वह पास नहीं हो सका तो उस को तीन हिस्सों में करना पड़ा । लेकिन आज आप ने देखा होगा कि जनसंघ के दो मेम्बर यहां पर बोले और पंद्रह दिन पहले जो बोले उन्होंने तो कहा कि आप के बिल में तो और ज्यादा समय कम करना चाहिए । उन्होंने कहा कि एक साल में क्यों रहना चाहिए ? पूरा हटा देना चाहिए । आज बड़े जी ने भी इस का समर्थन किया । तो जमाना बदल गया है, लोगों का दृष्टिकोण बदल गया है और ऐसी हालत में सरकार जो लापरवाही बरत रही है वह ठीक नही है । क्योंकि कई दफा आप ने मंत्री जी ने, आप तो अभी अभी इस मंत्रालय में आई है, लेकिन गोखले जी ने मुझे पत्र लिखा, कई बार टेलीफोन पर कहा कि हां हां, बहुत जल्दी करेंगे, जल्दी करना चाहते हैं । लेकिन कुछ आप लोग नहीं कर रहे हैं । इसलिये सीधा आश्वासन दीजिये । मैंने जो तीन सुझाव दिये है— इन के बारे मे मानसून सेशन मे विधेयक पारित करने का आश्वासन देते है तो मै वापस लेने को तैयार हू ।

17 hrs.

श्री शशि भूषण : वह कह रही है कि करेंग ।

श्री मधु लिमये: प्रोग्राम बनाना इन के हाथ में है । मैं अपने बिल को यहां ला सकता हू, उस पर चर्चा हो सकती है, लेकिन जो सरकार का बिल है, उस पर कितना वक्त लगगा......

श्री शशि भूषण : इस में हम आप की मदद करेंगे ।

श्री मधु लिमये : मदद हो नहीं पाती है—बार-बार साल पारित होने में लग जाते हैं ।

सभापति महोदय : नेक्स्ट सेशन में लाने की बात कही है ।

श्री मधु लिमये : लेकिन उस से मैं सन्तुष्ट नहीं हूं ।

डा० सरोजिनी महिषी : पास होने की बात मैं कैसे कह सकती हूं ।

श्री मधु लिमये : कन्सीड्रेशन मोशन लाने की जिम्मेदारी ले सकती हैं । इन्ट्रोडक्शन और कन्सीड्रेशन मोशन में बहुत फर्क है । वे इतना कह दें कि कन्सीड्रेशन मोशन लायगी ।

श्री सरोजिनी महिषी : हम लोग कोशिश करेंगे जल्दी से जल्दी इस को लाने की और उस के साथ ही आप के सहयोग से उसे पारित करने का प्रयास करेंगे ।

श्री मधु लिमये : क्या अगले सेशन में होगा ।

डा० सरोजिनी महिषी : डेट देना बहुत मुश्किल है, जल्द से जल्द करेंगे ऐसा मैंने उस समय भी कहा था और अभी भी कह सकती हू ।

श्री मधु लिमये : ठीक है—मैं मान लूगा ।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That leave be granted to Shri Madhu Limaye to withdraw the Bill further to amend the Hindu Marriage Act, 1955."

The motion was adopted.

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक वापस लेता हूं ।

DELHI RENT CONTROL (AMENDMENT) BILL

(*Amendment of section* 2)

by Shri Shashi Bhushan

MR. CHAIRMAN: We shall now take up the next Bill standing in the name of Shri Shashi Bhushan.

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI (Gauhati): After Shri Shashi Bhushan, I have got a Bill. Mr. Shashi Bhushan's Bill is a small one. If I am permitted half a minute to introduce mine. I shall move mine.

MR. CHAIRMAN: We will do that.

श्री शशि भूषण (दिल्ली-दक्षिण) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि दिल्ली किराया नियन्त्रण अधिनियम, 1958 में और आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।

दिल्ली किराया नियन्त्रण अधिनियम, 1958 में बना था । उस वक्त दिल्ली की आबादी बहुत कम थी, आज दिल्ली की आबादी लगभग 60 लाख हो गई है, इन में 75 परसेन्ट लोग किरायेदार हैं और बाकी के लोग मकान मालिक हैं । लेकिन बहुत से मकान मालिक ऐसे हैं जिन के पचासों और सैकड़ों मकान हैं, मुहल्ले के मुहल्ले पुराने जमाने के उनके हैं और अब नये वक्त में भी काफी मकान मालिक बढ़े हैं, जिन के मकानों में ये किरायेदार रहते हैं । आप जानते हैं कि इन किरायेदारो को किराये की रसीद भी नहीं मिलती है, पूरे किराये की रसीद नहीं मिलती है, अगर उन का किराया 200 रुपया माहवार है तो रसीद 100 रुपये माहवार की दी जाती है और 100 रुपया मकान मालिक ऊपर से लेते हैं । दिल्ली में कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है जिससे किराये पर नियन्त्रण हो सके । इस से सरकार को टैक्स भी नहीं मिलता और किराये दारों को किराया भी अधिक देना पड़ता है । अगर किरायेदार मर जाय तो कानून की व्यवस्था ऐसी है—चूंकि सम्पत्ति पर विशेष अधिकार दुर्भाग्य से हमारे देश में कानून में दिया गया है—इस वजह से मकान मालिक उस किरायेदार की विधवा को फौरन निकाल सकता है । अगर उस के आश्रित लोग हैं, परिवार है जो उस की मृत्यु के समय वहां रह रहे थे, अगर उन को बाहर जाना पड़ता है, तो इस कानून का दण्ड पूरे परिवार पर गिरता है । ऐसे कानून में परिवर्तन लाना आज के जमाने में बहुत जरूरी है ।

बराबर इस बात की कोशिश की गई कि यह बिल जल्द से जल्द यहां लाया जाय । 1968 और 1969 में एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई जिसे आवास मंत्रालय ने बनाया था । वह समिति इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में सिफारिश करने वाली थी, लेकिन बड़ी हैरानी की बात है कि समिति ने सिफारिश करने की कोई तकलीफ गवारा नहीं की । उन को जनता के हित का सामने रख कर सिफारिश करनी चाहिये थी ।

निर्माण और आवास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बलबीर सिंह) : सिफारिशें आई हैं ।

श्री शशि भूषण : सिफारिशें जिस ढंग से आई हैं, मुझे पता है अगर कोई सिफारिश आई है तो जरा सदन के सामने रखें ।

उस के बाद यह कहा गया—1972 में कि दिल्ली प्रशासन इस बिल को महानगर परिषद में लाये । महानगर परिषद् ने इस के लिये एक स्पेशल सेशन बुलाया, काफी पैसा उस पर खर्च किया, लेकिन 1972 से 1975 हो गया, वह बिल यहां पड़ा है और पास नहीं हुआ । इस अर्से में कई बार मेरे प्रश्नों के उत्तर में मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया कि वे बहुत जल्दी उस बिल को पास कराने वाले हैं । उप-मंत्री महोदय ने पिछले दिनों कहा कि यह बिल पास होगा, ला

कमीशन और कानून मंत्रालय से इस सम्बन्ध में चर्चा की जाने वाली है—वह चर्चा भी हुई। कई बार दिल्ली के प्रतिनिधियों के साथ बैठ कर भी चर्चा हुई लेकिन अभी तक वह बिल यहां नहीं आया।

किस दबाव के कारण यह बिल नहीं आ रहा है—इस का कारण समझ में नहीं आता है। क्योंकि बहुत से लोग ऐसे हैं जिन के पास आज बड़े-बड़े सरकारी बंगले हैं और दिल्ली की पोश-कालोनीज में उन के अपने बंगले भी हैं, जिस को उन्होंने दस-दस हजार रुपये महीने किराये पर दिया हुआ हैं। वे खुद सरकारी मकान में रहते हैं और अपने मकान का किराया उठाते हैं, ऐसी हालत में या उन के हित में नहीं होगा कि व मकान खाली हों और व वहां जायें। इस बिल के यहां न आने में कोई प्रेशर लाबी जरूर काम कर रही है, जिसकी वजह से यह बिल नहीं आ पा रहा है। दूसरी तरफ किरायेदारों को निकालने के लिये 15-15 साल से कैसेज अदालतों में पड़े हुए हैं, डिग्री लाकर बड़ी निर्दयता से किरायेदारों को निकाल कर फेंक देते है। मैं एक दिन राजौरी गार्डन में गया, वहां मुझे पता लगा कि एक रिटायर्ड डिप्टी सैक्रटरी थे, गुण्डों ने आ कर उन का सामान बाहर रख दिया, बच्चे बाहर सड़क पर बैठा दिये। मुहल्ले वालों ने उनका सामान अपने यहां रखा। आम तौर पर एसा किरायेदारों के साथ दिल्ली में हो रहा है, अदालतों में फैसले मकान-मालिकों के हक़ में होते हैं, क्योंकि हमारा कानून एसा है कि उस में व्यक्तिगत सम्पत्ति पर विशेषाधिकार रखा गया है।

मैं चाहूंगा कि इस तरह का कानून जरूर बने कि वह व्यक्ति जिसका मकान है, वह दूसरी जगह सरकारी मकान में न रहे। चाहे वह कोई मंत्री हो या पार्लियामेन्ट का मेम्बर हो या सरकारी अधिकारी हो, एसे व्यक्ति का कोई हक़ नहीं है कि सरकारी मकान में रहे। अगर वह रहता ही है तो वह किराया जो वह अपने मकान का लेता है सरकार को दे। आज हमारे यहां मकानों की बहुत कमी है, सरकारी कर्मचारी को मकान नहीं मिल पाते हैं लेकिन कोई सुनता नहीं है। इस दिशा में फौरन कदम उठाया जाना चाहिये और उस पर जल्दी ही विधेयक लाना चाहिये।

बाहर के लोग दिल्ली में आ कर अपने मकान बनाते चले जा रहे हैं और खुद किराये के सरकारी मकानों में रह रहे है—यह कानून की कितनी अजीब विडम्बना है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं—क्या मंत्रालय के पास एसा कोई लेखा जोखा है कि कितने सरकारी अधिकारी ऐसे है जिन के पास अपने मकान हैं, लेकिन वे सरकारी मकानों में रहते हैं। उन में कितने पार्लियामेन्ट के मेम्बर हैं, कितने एक्स-मिनिस्टर्ज है या मिनिस्टर्ज हैं जिनके पास अपने मकान हैं लेकिन सरकारी मकानों में रहते हैं। मैं तो यह कहूंगा कि वे स्वयं मौरली सरकारी मकानों को छोड़ दें और अपने मकान में जाये। जिनके पास पांच दस मकान हैं.......

सभापति महोदय : मन्त्री जी, माननीय सदस्य जो जानकारी चाहते हैं क्या वह जानकारी आपके पास है ?

निर्माण तथा आवास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बलबीर सिंह) : अभी इस किस्म की जानकारी रेडीली में क्या दे सकता हूं।

सभापति महोदय : क्या इस प्रकार की जानकारी आपने एकत्र की हैं ?

श्री बलबीर सिंह : ऐसी जानकारी दफ्तरों में होती है।

सभापति महोदय : जब आप उत्तर दें उस समय इस प्रकार की जानकारी इकट्ठी करके आपको देनी चाहिए ।

श्री शशि भूषण : इस प्रकार की जानकारी आपको सदन में देनी चाहिए । जो मेम्बर आफ पार्लिमेन्ट है, मंत्री है या सरकारी कर्मचारी हैं, जिनके पास अपने मकान हैं लेकिन वे सरकारी मकानों में रह रहे हैं उनको वह मकान तुरन्त खाली कर देने चाहिए । इसके लिए जितना शीघ्र हो सके आप विधेयक लाये । लेकिन में उम्मीद करता हूं कि इस तरह की जानकारी आपको नहीं मिलेगी जब तक आप सख्ती से पेश नहीं आयेंगे । एक अर्से से इस बात को सदन में कहा जा रहा है, राज्य सभा में एक मंत्री महोदय ने इसकी चर्चा की लेकिन यह हो नहीं रहा है । हम समाजवादी व्यवस्था लाना चाहते हैं, शहरी सम्पत्ति पर सीलिंग लगाना चाहते है एसी स्थिति में हम किस प्रकार इस बात का उत्तर देंगे कि अपने मकान होते हुए भी लोग सरकारी मकानों में रहते हैं । आप शहरी सम्पत्ति के नियन्त्रण का बिल कब तक लाना चाहते हैं ? उसके लिए यह आवश्यक है कि जो लोग सरकार से सम्बन्धित हैं, जो सरकरी अधिकारी हैं, मेम्बर आफ पार्लियामेन्ट हैं या दूसरे लोग हैं उन पर पहले नियन्त्रण लगाय ताकि कहने का मौका न मिले । दिल्ली में किरायेदारों के साथ सबसे ज्यादा ज्यादती हो रही है । इस प्रकार का बिल लाने की जो बात कही जा रही है, उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का बिल पास हो चुका हैं बहुत पहले से । आस पास की स्टेटस में भी हुआ हैं लेकिन यहां पर सन् 1958 से लेकर आज तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । यहां राजेन्द्रनगर और दूसरे इलाकों में डेढ़ सौ रुपए का एक कमरा मिलता है लेकिन सरकार को कितनी रेवेन्यु आती हैं उसकी कोई जांच नहीं होती, उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती । सरकार किसके लिए है ? क्या सरकार सम्पत्तिशाली लोगों के लिए है जिनके पास बड़े-बड़े मकान हैं ? हमारी जिम्मेदारी गरीब तबके के प्रति हैं । इसलिए आप इस तरह का बिल जल्दी लायें और जो दूसरी चीज मैंने आप के सामने उठाई हैं जो नियंत्रण के सम्बन्ध में हैं उन पर भी आप हमें उत्तर दें तो अच्छा होगा । डिप्टी मिनिस्टर साहब, अगर आप यह आश्वासन दें कि यह बिल इसी सत्र में ला सकेंगे, कम से कम पेश कर दें तो अच्छा होगा । आप बहुत सो चीजों के लिये आर्डिनेन्स लाते हैं, तो आप इस के लिये भी आर्डिनेन्स ले आइये ताकि कानूनी व्यवस्था ठीक हो सके । जो हजारों केसेज कोर्टस में पड़े हुए हैं उन में सुविधा हो सके । जहां तक मुझे उम्मीद है इस में कानून मंत्रालय भी कोई दिक्कत पेश नहीं करेगा । इस से जनता का परेशानी दूर होगी । लोग आशा लगाये बैठे हैं—आप कोई भी विधेयक लायें लेकिन इस बात का ख्याल रखें कि उस की अवधि दो-तीन साल पहले से रखी जाय । यह न हो कि बिल आज आया और पास होने के बाद एक्ट बने, एक अर्से तक उसका इंतजार हो— इस में देरी होगी । कम से कम जब से इस सदन में इस की चर्चा हुई है, तभी से इस बिल की अवधि मुकर्रिर की जाय, तभी से वह लागू हो । इस सम्बन्ध में आप दो आश्वासन दें—पहला तो यह कि आप कब इस को पारित करेंगे । अगर इस सत्र में नहीं कर सकते तो क्या उस के लिये आर्डिनेन्स लायेंगे । दूसरी बात यह कि कब तक आप वह लिस्ट दे सकेंगे—ऐसे लोगों की जो सरकारी कर्मचारी हैं, मेम्बर पार्लियामेन्ट हैं, मंत्री हैं, जिन के अपने मकान हैं लेकिन उस के बाद भी सरकारी मकानों में रहते हैं । ये दो आश्वासन मैं आप से चाहता हूं ।

श्री आर० वी० बड़े (खरगोन) : माननीय सभापति महोदय, श्री शशि भूषण जी जो बिल लाये हैं मैं उसका समर्थन करता हूं । उन्होंने अपने भाषण में दो बातें कही हैं—

जिनके पास अपने मकान हैं, उन्होंने अपने मकान किराये पर दिये हुए हैं और खुद सरकारी मकानों में रहते हैं। लेकिन उन्होंने अपने बिल में यह बात कहीं भी नहीं कही है। इन्होंने अपने बिल में लिखा है कि—

"tenant" means any person by whom or on whose account or behalf the rent of any premises is, or but for a special contract would be, payable and includes a sub-tenant and also any person continuing in possession after the termination of his tenancy and all these things.

लेकिन उन्होंने भाषण में विचित्र बात कही है—जो मिनिस्टर हैं, उनके अपने मकान वहीं होंगे, लेकिन रहते यहां हैं . . .

श्री शशि भूषण : जिनके मकान दिल्ली में हैं, मैंने उनकी बात कही है। बाहर की बात मैंने नहीं कही है ।

श्री आर० बी० बड़े : सभापति महोदय, आप भी बीच में शामिल हो गये—आप ने भी मिनिस्टर साहब से कहा कि इसकी जानकारी उनको देनी चाहिये। लेकिन इसकी जरूरत क्या है। क्योंकि बिल में तो इसका कोई जिक्र नहीं है ।

सभापति महोदय : बिल से सम्बन्ध नहीं है, यह मैं भी जानता हूं। जहां तक मकानों का सवाल है—अवेलिबिलिटी आफ दि हाउस—उसके सन्दर्भ में उन्होंने यह जानकरी पूछी थी—जो जानकारी सार्वजनिक हित में हो वह अगर मालूम हो सके तो अच्छा होगा। इसका बिल से तो कोई सम्बन्ध नहीं है ।

श्री आर० बी० बड़े : यह ठीक है लेकिन बिल में क्या लिखा है। टेनेन्ट कौन होगा। मैंने कोर्ट्स में बहुत से केसेज ट्रायल किए हैं। जो टेनेन्ट है उसके बच्चे उसके साथ में रहते होंगे। उसके टेनेन्ट कंसीडर करना चाहिए। उसमें नोटिस देनी पड़ती है। प्रेस्क्राइब्ड टाइम में एजेक्टमेन्ट नहीं हो सकता है। लेकिन वह तो मौका देखते हैं कि टेनेन्ट कब मरता है और उसका सामान निकाल कर फ़ेंक देते हैं। तो इस प्रकार का बिल आप लायेंगे वह बहुत अच्छा होगा। मैं समझता हूं कि इसको लाने की जरूरत नहीं थी। उसमें लिखा हुआ है स्पाउज सब-टिनेन्ट कंसीडर होना चाहिए। तो मैं इसका समर्थन करता हूं और यह बिल पास करने की इच्छा प्रकट करता हूं। साथ में मंत्री जी से चाहता हूं वह ऐसे केसेज बतायें जो मृत्यु के बाद सब-टेनेन्ट्स का एजेक्टमेन्ट कर रहे हैं। कोर्ट में ऐसे केसेज पेंडिंग हैं जिन में टेनेन्ट्स की मृत्यु हो गई है और उसके बच्चों को बाहर निकाल दिया गया है।

श्री नरसिंह नारायण पांडे (गोरखपुर): माननीय सभापति जी, श्र शशि भूषण जी का जो विधेयक है वह बहुत ही आवश्यक विधेयक है। इस विधेयक के आब्जेक्ट्स ऐण्ड रीजन्स को अगर देखा जाये तोइस विधेयक की व्याख्या बहुत साफ़ हो जाती है कि टिनेन्ट जिनके नामसे एलाटमेन्ट आर्डर है, वह अगर मर जाता है तो डिसीज्ड फ़ेमिली उसके स्थान पर उस मकान की एलाटी समझी जानी चाहिए— ऐसा इस विधेयक में कहा गया है। लेकिन दिल्ली में जितने इस तरह के केसेज हैं उनमें इविक्शन प्रोसीडिंग्ज चल रह है, उनसे मकान खाली कराये जा रहे हैं। श्री शशि भूषण जी का कहना है कि दिल्ली रेन्ट कन्ट्रोल अमेंडमेंट बिल में इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे उनके अधिकार को सुरक्षित किया जाये। इस तरह की इविक्शन प्रोसीडिंग्ज नहीं होनी चाहिए। मैं इस बिल का हार्दिक स्वागत करता हूं लेकिन मैं कुछ सिद्धान्त की बात आपके सामने रखना चाहता हूं, इस सदन के सामने विचार के लिए रखना चाहता हूं।

आज सारे देश में हमारी हाउसिंग मिनिस्ट्री की तरफ़ से एक स्कीम चलाई जा रही है कि जो लोइनकम ग्रुप के लोग हैं उनके लिए आवास की व्यवस्था हो सके। इसके ऊपर हर साल करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है। मेरा सुझाव है कि इस पार्लियामेन्ट में इस तरह का विधेयक सरकार को लाना चाहिए जैसे कि हमने जमीदारी एबालिशन किया और सीलिंग एक्ट लागू करके भूमिहीनों की इच्छाओं की पूर्ति की। उनको उस लैंड का मालिक बनाया जो कि जमीदारी एबालिश या सीलिंग एक्ट में जमीन निकली। आज उसी आधार पर इस देश में यह आवश्यक हो गया है कि शहरों में भी शहरी सम्पत्ति का उन्मूलन होना चाहिए और उन्मूलन ही नहीं होना चाहिए बल्कि इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए कि जो चार लाख या पांच लाख की आबादी वाले शहर हैं, उन में ऐसा होना चाहिए कि जो लोग 100 रुपया या 200 रुपया पर मकान में किरायदार हैं, उन को भी कुछ गुना जैसा कि जमीदारी एबालिशन में 12 गुना जमा करा कर किसानों को भूमिधर बना दिया गया था, जमा करवा कर मकान का मालिक बना देना चाहिए। जो टीनेन्ट्स हैं उन से कुछ रुपया जमा करवा लिया जाए और उनको मालिक मकान बनवा दिया जाए। इससे यह होगा कि आज जो हाउसिंग प्राब्लम है और जो इतना सारा रुपया सरकार इस पर खर्च कर रही है और उसके बाद भी छोटी छोटी जगहों में ग़रीब लोग रहते हैं, उन की समस्या हल हो जाएगी और उनके पास एक जमीन हो जाएगी और एक मकान हो जाएगा और मेहनत करके मकान और जमीन पर वह अपने बच्चों के लिए उपलब्ध कर सकेगा। पिछले दिनों जब मैं प्रधान मंत्री जी से मिला था, तो इस तरह का एक सुझाव मैंने उन को दिया था कि शहरों में सीलिंग एक्ट लागू होना चाहिए। उस सीलिंग एक्ट में आप एक ऐसी व्यवस्था कर दें कि जहां पांच लाख की आबादी है और जो मकान सन् 1954 के रेन्ट कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत आते हैं, नये मकान नहीं बल्कि पुराने मकान जिनके बारे में एलाटमेंट कानून लागू होता है, उन को ऐसे लोगों को दे दिया जाए जिनके पास कोई मकान नहीं है शहरों में। उन मकान मालिकों को कुछ कम्पेन्सेशन देकर चाहे वह 10 गुना हो या 20 गुना हो, जो भी आप नियत करें उस मकान की वैल्यूएशन को देखते हुए, उन में रहने वाले टीनेन्ट्स को उन का मालिक बना दिया जाए। सरकार को ऐसा विधेयक लाना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है, तो मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो लोगों की मकान की समस्या है, ग़रीबों की मकान की समस्या है, इस पर आप किसी तरह से काबू नहीं पा सकेंगे। इस विधेयक को लाकर जहां पर हमारे श्री शशि भूषण जी ने दिल्ली के रेन्ट कन्ट्रोल एक्ट को एमेंड करने की बात कही है, मैं समझता हूं कि इनका ध्येय बड़ा ही पुनीत है लेकिन अगर सरकार इसे स्वीकार कर लेती है तो केवल दिल्ली पर ही यह लागू होगा। मैं समझता हूं कि रेन्ट कन्ट्रोल के बारे में एक काम्पेक्ट बिल आना चाहिए जो कि कम से कम 5 लाख की आबादी वाले म्यूनिसिपल बोर्डों में रहने वाले लोगों पर भी लागू किया जा सके और उन्हें मकानों का मालिक बनाया जा सके।

SHRI N. K. P. SALVE (Betul): Mr. Chairman, I entirely support this Bill, which has been moved by Shri Shashi Bhushan. It is extremely salutary and extremely laudable. The institution of tenancy has become the subject matter of terrible racketeering, specialfily in large cities. Sir, you may not be aware of it, because you are not a tenant. Since I am a tenant and I do not have a house of my own, I am aware of what racketeering and profiteering goes on in this business of tenancy. Professionally also I know what amount of black money goes on in the immovable property. The measure

which we have enacted for acquisition of property is, I regret to submit, something in the shape of a stillborn measure, because not even a single property has been acquired by the Government under this, partly thanks to the most inefficient functioning of the bureaucracy and partly thanks to the inefficient functioning of the committee, of which I was a member, which did not sufficiently comprehend the human ingenuity to evade the tax laws.

MR. CHAIRMAN: Half-hearted nature of the Bill.

SHRI N. K. P. SALVE: It is true that it is extremely half-hearted. In fact, the Bill provides and contemplates that if a property passes hands for a certain consideration which is found to be less than the market value, Government has the right to acquire it by paying an additional solatium of 15 per cent provided it is proved that such a transfer involved intentions of evasion, avoidance etc., but such subjective or objective considerations or intent can never be proved in law.

Be that as it may, there is an underlying theme and philosophy in this Bill which is of the utmost importance and it is this, that the existing landlords are keen to get rid of the poor widow or children or dependents just because the person who was the tenant has died. It is this sort of exploitation which is sought to be put an end to. My respectful submission is that if our pretensions of establishing a socialist State, if our talk of a ceiling on urban property is not plenty of sanctimonious humbug, what is wrong in this Bill?

How is it the business of a bureaucrat to build a house and take a rent of Rs. 10,000 per month? I am one of those who want that a person's investments must be suitably rewarded. There is absolutely no doubt about it. I am not one of those who thinks that the properties of the citizens should be sequestered away or confiscated without compensation. It is not that. I am referring to the racketeering part. A bureaucrat would himself live in a house of the market value of Rs. 5,000, paying 10 per cent rent which would be not more than Rs. 200 or Rs. 300 for years and years. Then he builds another new, nice house fetching Rs. 10,000 rent per month and he goes on like this for quite some time.

There are quite a few Ministers and quite a few MPs. who are doing this. The institution of politicians is being brought into a tremendous amount of disrespect. They are being looked down upon as a set of people who represent corruption in the country. We do not want to be a party to this sort of thing. Let the names of the Ministers and M.Ps who have done this come before Parliament.

In fact, I would go a step further. Shashiji only speaks about tenances involving the spouse or dependent child. But if a tenant has been living in a place for 10 or 15 years, why should he not become the owner of that property?

I see the smile on your face, but because I am a tenant I may submit to you what happened to me. My landlord was thinking of selling his house. He did not have the courage to inform me. It was the buyer who came to me and said that he would give me Rs. 50,000 if I would vacate. I asked him to get out quickly before something happened, before it became a law and order problem. I called upon the landlord and asked him about it. He said, "you are an M.P. who can ask you to go"? That means if I were not an M.P., I have no right to live as it were. What have we come to! Formerly it was said that fools built houses and wise men lived in them. Now things have changed. It is the crooks who build houses and poor people like me who

live in them, because I do not have a house of my own. I know the difficulties of the tenants and how the landlords are always out to exploit them.

Therefore, I entirely support what has been provided in the Bill. In fact, the Bill underscores the fact that the principal law is a draconian measure because it does not provide for the residence of a widow or the dependents of a person who has died. How does it support the pretensions of the ruling party?

MR. CHAIRMAN: You want the provisions of the Bill to apply even to Nagpur.

SHRI N.K.P. SALVE: That is what I have said. Let it at least be in Delhi, let at least the information go out and let the people who are anxious to have a clean state. Let it be at least known who are the people who have immovable property.

There is another measure which is coming, which was circulated. If you have a palatial house, there is going to be no ceiling, but if you have land, 7,500 square feet only will be allowed to you irrespective of the price. Sir, you are aware that in Bombay in certain areas, the property per sq. ft. is Rs. 500 to Rs 1000. 7000 means Rs. 35 lakhs to Rs. 70 lakhs is exempt to them. And in Nagpur, there might be a person with 7000 sq. ft.; his property may not be more than Rs. 3500. A person with Rs. 70 lakhs will get away and a person with Rs. 3500 will be deprived. I cannot understand, where are we heading ourselves to. These are all vicious tactics of a set of people, vested interest. who want to protect their own immovable property, and they do not want at all to help this Government in the possibility of ushering in an egalitarian society, etc.

श्री रामसहाय पांडे (राजनंदगांव) : मैं बम्बई में किराए के मकान में रहता था। मै 1943 मे बम्बई गया था। एक दिन उस खोली के सामने कोई आकर कहने लगा कि लैंडलार्ड आए हैं। जिसने खबर दी वह लैंड तो भूल गया, और कहने लगा लार्ड आए हैं। मैं घबरा गया कि यह लार्ड शब्द क्या हो गया। मेरी पहली प्रार्थना तो यह है कि धरती के ऊपर यह जो लार्ड शब्द जुड़ा हुआ है, इसको आप हटा दीजिये।

दूसरी बात यह है कि आप सामाजिक जीवन में जो लोग काम करते हैं, उनकी तरफ़ भी ध्यान दें। उनके लिए कोई पैंशन नहीं होती है। जिनको पैंशन होती है और गांव चले जाते हैं उनके बारे में मैं नहीं कहता हूं। लेकिन जिन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन समाज को समर्पित कर दिया होता है जैसे पत्रकार हैं, नर्सें हैं, छोटे-छोटे डाक्टर हैं, इनका क्या होता है। जीवन भर किसी नर्स ने अस्पताल में काम किया होता है, मानवता की सेवा की होती है, अनन्त मानवीय सेवा की होती है लेकिन जब समाज द्वारा उसकी सेवा करने का अवसर आता है तो चाहे सरकारी मकान हो या प्राइवेट हो उसको उस में से निकाल बाहर किया जाता है। यह जो इन लोगों का तिरस्कार होता है यह बन्द होना चाहिये। मेरा अनुरोध यह है कि सामाजिक सेवा में जो लगे हुए हैं, जैसे नर्सें है, पत्रकार हैं, प्रेस के कर्मचारी है जिनके लिए कोई प्राविडेंट फण्ड की सुविधा नहीं है और जो जीवन भर समाज सेवा के काम में लगे रहते है चाहे वे सरकारी हों या गैर-सरकारी, उनके लिए तो कम से कम आपको कुछ करना ही चाहिये।

मैं आपको सिंगापुर की बात बताता हू। वहां प्राइम मिनिस्टर ली से हमने मुलाकात की थी। हम एक डेलीगेशन में गये हुए थे। वहां उन्होंने बहुत अच्छा प्रबन्ध कर रखा है। साल्वे साहब ने कहा कि जो दस बरस किसी मकान में रह ले वह मकान उसका हो जाए। लेकिन सिंगापुर में यह है कि जो ओरिजनल कास्ट मकान की होती है जब उसको बनाया जाता है उसमें छ: परसेंट ब्याज जोड़ कर अगर वह पे कर देता है तो वह मालिक उसका

बन सकता है, उसको उस मकान का स्वामित्व प्राप्त हो सकता है। मान लें कि 1940 में मकान बना और दो कमरे किसी ने किराए पर लिए और उस समय उस पर तीन हजार रुपए खर्च हुए थे। अब पन्द्रह बरस के बाद अगर कोई उसको लेना चाहता है, उसका मालिक बनना चाहता है तो उसको यह राशि तथा उस पर छः प्रतिशत ब्याज जोड़ कर इस मकान का स्वामित्व प्राप्त हो सकता है। आज जो उसका मूल्य है वह नहीं लेकिन जो तब खर्च उस पर आया था वह तथा छः प्रतिशत ब्याज। मशीनरी का तो डिप्रिसिएशन होगा लेकिन मकान का डिप्रिसिएशन इस रूप में कि बढ़ी हुई कीमत नहीं बल्कि जो उस पर खर्च आई थी वह कीमत तथा छः प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज। अब किसी की तनख्वाह अगर जब उसने मकान लिया दो सौ थी और आज तीन सौ हो गई और वह खरीदने की स्थिति में हो गया तो वह इतनी राशि देकर उसको खरीद सकता है। मैं चाहता हू कि यह जो प्रिंसिपल है इस को स्वीकार कर लिया जाए।

मै यह भी कहना चाहता हूं कि जैसे पत्रकार है, जरनलिस्ट है या दूसरे है और जिन की रिटायरमेंट के वक्त तनख्वाह पाच सौ रुपये मासिक से कम है उनको मकान में बने रहने के अधिकार मिल जाने चाहियें। हजार, दो हजार या तीन हजार वालों की मैं बात नहीं करता हू। पांच सौ तक वालों की बात कर रहा हू। जब वे जीवन की सन्ध्या में पहुंच जाते हैं, रिटायर होने हैं उस वक्त उनको मकान मिल जाने चाहिये। ऐसे लोगों के लिए आप कालोनीज बनाना चाहे तो कालोनीज बना सकते है। उनके लिए मकान सुरक्षित रहने चाहियें जिन में से उनको कोई निकाल न सके। यह मानवीय तथा नैतिक आधार पर आवश्यक है। उनके सिर के ऊपर खुला आसमान नहीं, एक छत भी होनी चाहिये।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : यह न मानवीय और न ही आर्थिक प्रश्न है। यह कानूनी प्रश्न है। यह बहुत छोटा सा प्रश्न है। बहुत अच्छा यह बिल है। कोर्ट में इस चीज को लेकर बहुत से केसिज चल रहे हैं। अगर किसी के पिता ने लीज डीड लिख दिया और उसका देहान्त हो गया तो मकान मालिक कहता है कि उसका जो लड़का उसमें रह रहा है वह ट्रेसपासर है और उसको निकाल बाहर करता है। इस चीज को लेकर इस बिल में श्री शशि भूषण जी ने बहुत अच्छी बात कही है। लिखने वाला अगर मर गया, उसका स्वर्गवास हो गया तो उसका लड़का या भाई जो उस मकान मे रहता है और जो किराया देने के लिये भी तैयार है वह ट्रेसपासर हो जाता है और उसको बेदखल किया जा सकता है। कोर्ट मे जाने की रसम अदा की जाती है और कहा जाता है कि इसका मेरे साथ टेनेट का रिश्ता नही है, इस वास्ते इसका एविक्शन किया जाए और एविक्शन हो जाता है। इसको रोकने के लिए जो अमेडमेंट पेश किया है यह बहुत ही अच्छा एमेडमेट है और इसको में उसको प्रोटेक्शन देने की बात कही गई है। इसमे कहा गया है :

"The Bill seeks to further amend the Delhi Rent Control Act, 1958 to enable the surviving spouse, or any son or daughter, of a deceased tenant, who had been living with the tenant in the premises as a member of the deceased tenant's family upto the death of the tenant, to continue in occupation of the premises in which he/she was living with the deceased tenant."

वह किराया देने के लिये तैयार है लेकिन उसको कहा जाता है कि नहीं तुम्हारा और मेरा कोई करार नही है, तुम निकल जाओ। इस बिल को अगर मान लिया जाये तो हजारों केसिज जो कोर्ट में पेंडिंग हैं और जिन को लेकर गवाहियां वगैरह पेश की

जाती हैं और हैरानी और परेशानी का सामना करना पड़ता है उससे बचा जा सकेगा। यह एक सीधा सा और छोटा सा बिल है। अब जो मकान हड़पना चाहते हैं वह चीज अलग है और उसके लिए कोई और मौके की तलाश की जानी चाहिये, कोई और साधन अपनाया जाना चाहिये।

निर्माण और आवास मंत्रालय में उप मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : श्री शशि भूषण ने यह बिल पेश किया है। बहुत सालों से मैं देखता आ रहा हूं कि उनके अन्दर प्रगतिशील विचार कूट-कूट कर भरे हुए हैं और प्रगतिशील कदम उठाने के लिए वे औरों को भी प्रेरित करते रहते हैं। जब कभी मौलिक बात पर वह आते हैं तो हमेशा ऐसे प्रश्नों को उठाते हैं। यही प्रश्न उनके दिमाग में आते रहते हैं। कभी भी उनकी स्पीच में, उन के सवालों में ऐसी बात मैंने नहीं देखी कि जो गरीब समाज को रगड़ने के लिए, दलने के लिए या तकलीफ देने के लिए हो या जो कुछ लोगों को ही फायदा पहुंचाने वाली बात हो। आज भी जब उन्होंने इस बिल को पेश किया और इस बिल के ऐम्ज एंड आबजेक्ट्स में भी यही कहा कि एक ऐसे बिल की आज जरूरत है जिससे बहुत से लोगों की जो दिक्कतें हैं वे दूर हों। उन्होंने बहुत सी चीजों का जिक्र किया है। टनेंट की जो दिक्कतें हैं उसका उनको काफी तजुर्बा है। जो लोग दिल्ली में बहुत दिनों से रहते आ रहे हैं व अनुभव के आधार पर बता सकते हैं कि कितनी दिक्कतों का उनको सामना करना पड़ता है। जो बोले हैं और जो बोल नहीं भी पाए हैं वे भी इससे अपरिचित नहीं हैं। गरीब आदमी को बड़ी मुश्किल होती है अपना गुजारा चलाने में। जो किराए के मकान में रहता है और ऐसे मालिक के मकान में रहता हो जो हर समय उसको तकलीफ देता रहता हो उस वातावरण में किस तरह से वह अपना जीवन गुजारता है और उसके सामने क्या-क्या समस्यायें पेश आती हैं इसको हर आदमी अनुभव कर सकता है।

मैं भी मानता हूं, मैं भी एक ऐसे तबके का इंसान हूं, जिसकी जिन्दगी का अनुभव इन्हीं बातों से रहा है। मैं हर उस बात के पक्ष में हूं, जो गरीब आदमी, टेनेंट या किसी गरीब तबके के हित में हो, चाहे वह किसी भी मेम्बर की तरफ से आये। हमारे इस तरफ के बैठने वाले कुछ सदस्य हैं, जिनके बारे में मैं सोचता हूं कि वे बड़े रिएक्शनरी हैं। लेकिन कभी-कभी जब उनकी तरफ से भी कोई ऐसी बात आती है, तो मैं उसको हमेशा वैलकम करता हूं।

इस बिल के बारे में कुछ साथियों ने एसी बाते कहीं हैं, जिनका इस बिल से दूर जाकर सम्बन्ध होता है। शायद इस बिल की डैफीनीशन में उनको कवर नहीं कर सकते है। जब हम एक कंप्रीहैंसिव बिल की बात करते हैं, तो वे बातें आज के बिल से दूर चली जाती हैं। इसलिये मैं इस वक्त उन बातों में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन उन मौलिक बातों और उन सिद्धान्तों से मेरा इत्तिफाक है, जो श्री शशि भूषण और दूसरे साथियों ने उठाई हैं।

उन्होंने कहा है कि शायद आफिसर्स वगैरह का दबाव सरकार पर है और शायद उस दबाव के कारण इस बिल के लाने में कुछ देर हो रही है। मैं इस बात को नहीं मानता हूं कि सरकार अपने अफसरों के दबाव को मानकर चलती है। अगर सरकार इस तरह दबाव में आने लगे, तो कोई भी बात आगे नहीं हो सकती है। इसलिये समस्या दबाव की नहीं है, बल्कि समस्या यह है कि पूरी तरह छानबीन कर के बिल को इस शक्ल में लाया जाये, ताकि उन दिक्कतों का कुछ हल हो सके, जिनका श्री शशि भूषण ने जिक्र किया है। अगर हम जल्दबाजी में कोई कानून ले आये, तो आगे चलकर उसमें कठिनाई पैदा हो जाए,

है । लेकिन मैं महसूस करता हूं कि ऐसा बिल आना चाहिये ।

यह जो कमेटी बनी थी, उसमें अपनी शिफारिशें दी थीं। लेकिन अगर एक कंप्रीहेन्सिव बिल लाने में कुछ देर हो जाये, मेम्बर साहेबान ने जो बातें उठाई हैं, उन सब को कवर करने में कुछ देर हो जाये, तो एक छोटा बिल जरूर लाना चाहिये । उस छोटे बिल में टेनेन्ट को रिलीफ देने वगैरह की बातों की व्यवस्था होनी चाहिये । यह सही है कि टेनेन्ट के मरने के बाद उसकी, उसके बच्चों और भाइयों वगैरह, परिवार के सदस्यों को बहुत दिक्कतें पेश आती हैं । जब लैंडलार्ड–श्री पांडे को "लार्ड" शब्द से बड़ी नफरत है; वह शब्द हटना चाहिये—टेनेन्ट के मरने के बाद उसके परिवार के सदस्यों पर गालिब हो जाता है, तो उन लोगों को उसकी मृत्यु के बाद जो दिक्कतें पेश आती हैं, लैंडलार्ड उनमें और भी इजाफा कर देता है ।

ये छोटी-छोटी दिक्कतें एक परिवार को नहीं, बल्कि देश के हजारो, लाखों, करोड़ों परिवारों को पेश आती हैं । जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है, शायद लाखों परिवार इस समस्या से संबधित हैं। इन सब दिक्कतों को दूर करने के बारे में सरकार का भी वही इरादा है जो श्री शशिभूषण का है, और मैं मानता हूं कि हमारी तरफ से इस किस्म का बिल आना चाहिये ।

श्री मूलचन्द डागा : सरकार कोई नोटिफिकेशन या आर्डिनेन्स निकाल सकती हैं । आज हजारों मामले कोर्ट में पैंडिंग हैं । इस बिल का मकसद यह है की जो व्यक्ति किसी मकान में किरायेदार हैं, उसकी मृत्यु के बाद उसकी औलाद को टेनेन्ट मान लिया जाये । आज स्थिति यह है कि उन लोगों को ट्रैस पासर माना जाता हैं । यह न इनकी दिक्कतों का सवाल है और श्री पांडे की दिक्कतों का सावल है । आम किरायेदारों के हित में सरकार को एक आर्डिनेन्स फौरन निकालना चाहिये

श्री नरसिंह नारायण पांडे : टेनेन्ट्स की हकतलफी को दूर करने के लिये और जिस तरह से भी हो सके, उनको किरायेदार बने रहने देने के लिये अगर सरकार विचार कर के कोई बिल लाना चाहती है, तो उसमें क्या दिक्कत है ?

श्री राम सहाय पांडे : यह एक कंप्रीहेन्सिव बिल होना चाहिये, वरना इसको कोर्ट में चेलेन्ज किया जा सकेगा ।

श्री मूलचन्द डागा : जब आग लगी हो, तो उस समय कुंआ खोदने से कोई लाभ नहीं है । उसको फौरन पानी से बुझा देना चाहिये ।

श्री दलबीर सिंह : श्री डागा ख्वामख्वाह परेशान हो रहे हैं । उनके विचार और उनके इरादे से मैं इत्तिफाक करता हूं । कौन कहता है कि टेनेन्ट की मदद की जाये । हम उसी किस्म का बिल लाना चाहते हैं, जो श्री डागा चाहते हैं । श्री डागा जिन दिक्कतों का जिक्र कर रहे हैं, वे हमारे सामने हैं । उन्हीं के कारण यह विचार किया जा रहा है । वे कहते हैं कि दिक्कतें हमको नहीं हैं । मुझे क्या दिक्कत है; सरकरी मकान मुझे मिल गया है । एम० पीज को भी सरकारी मकान मिलता है, भले ही वह कुछ छोटा हो । दोनों को कुछ न कुछ सुविधाएं मिलती हैं । हम लोगों को शायद मकान की कोई दिक्कत नहीं है । ऊंची कैटेगरी के लोगों को भी मकान की दिक्कत नहीं है । असल में मकान की दिक्कत उसको है, जो गरीब है, जो किराये पर रहता है, और जो लैंडलार्ड के जुल्म के नीचे पिसता है । उसी के लिये यह बिल लाया जा रहा है । उसकी समस्या को हल करने के लिये सरकार का इरादा, है कि

हम जल्द-से-जल्द एक बिल लायें, और हम उसमें डिले नहीं करेंगे। मैं एक बात और बता देना चाहता हूं कि हम जल्दबाजी करें और यह चीज आगे चलती रहे, यह सरकार का इरादा नहीं है। हम जल्दी से जल्दी इस किस्म का कोई बिल लाने की कोशिश करेंगे।

मैं माननीय सदस्य से प्रार्थना करूंगा कि उनके बिल में जितनी बातें है, उसूली तौर पर और मोटे तौर पर उन सब बातों का हमारे बिल में ध्यान रखा जायेगा।

श्री शशि भूषण : जिन लोगों के दो मकान हैं, उनके बारे में मैंने सवाल पूछा था।

श्री बलबीर सिंह : श्री शशि भूषण ने कुछ और बातें भी कहीं हैं। वह हमेशा इस बात के खिलाफ हैं कि एक आदमी क्यों कई मकान रखता हैं, एक मकान में वह रहे और दूसरे मकान का भी फायदा उठाता रहे। कुछ लोगों ने अपनी हैसियत, सियासी हैसियत या ऑफिशियल हैसियत का फायदा उठाकर किसी अच्छी कालोनी में मकान, कोठी या पलाट ले लिये हैं। माननीय सदस्य का अटैक उन लोगों पर है। आज के समाज में ऐसी बात नहीं होनी चाहिये, और जिन लोगों ने ऐसा किया है, उनको ऐसा नहीं करना चाहिये, क्योंकि आज दुनिया आगे जा रही हैं।

यहां तक कि आज हमारे जनसंघी भाई भी प्रोग्रेसिव्जिम की बात करते हैं। श्री बड़े ने भी टेनेन्ट्स की बात कही हैं। टेनेन्ट्स की बात कभी उनके प्रोग्राम में शामिल नही थी। लेकिन आपने देखा हैं कि आज उन्होंने टेनेन्ट्स के साथ बड़ी हमदर्दी जाहिर की है। टेनेन्ट्स के साथ हमदर्दी करना कभी जनसंघ का प्रोग्राम नहीं था। वे लोग तो टेनेंट्स के नाम से चिढ़ते थे। लेकिन आज परिस्थितियां ऐसी है कि सारी दुनिया समेटकर विचारधारा इस तरफ जा रही है कि आज कोई आदमी प्रोग्रेसिव्जिम की लाइन से बच नहीं सकता। जो लोग रि-ऐक्शनरी कहलाते हैं, आज वे भी इससे बच नहीं सकते।

आज वे अपने प्लेटफार्म से, पोलटिकल फोरम से गरीबों और हरिजनों के हक में रेज्यूलूशन पास करते हैं। भले ही उनके इरादे पोलिटिकल हों, लेकिन वे उस वातावरण से बच नहीं सकते। यह उस वातावरण का दबाव और प्रेशर है कि इस किस्म के लोग भी इस तरह की बातें करने लगे हैं।

मैं माननीय सदस्य से, जो इस सदन के बहुत प्रतिष्ठित सदस्य हैं, प्रार्थना करूंगा कि चूंकि सरकार का इरादा जल्द-से-जल्द एक बिल लाने का है, इसलिये वे अपने बिल को वापस ले ले।

श्री शशि भूषण : सभापति महोदय, मुझे मंत्री महोदय के आश्वासन पर पूरी आस्था है। गरीब लोगों के साथ उन का जो हमदर्दी है, वह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खुद उसी तबके से आते हैं, उनके लीडर हैं, और हमारे भी लीडर है। उन्होंने मेरे बिल के बारे में जो राय जाहिर की है, उनके लिए मैं उन का बहुत धन्यवाद देता हूं।

मैंने कहा था कि जो पालियामेंट के मेम्बर, सरकारी अधिकारी और मिनिस्टर सरकारी मकानों में रहते हैं, मगर जिन के अपने मकान हैं, जो उन्होंने दस-दस हजार रुपये के किराये पर दे रखे हैं, मुनासिब यही होगा कि वे अपने मकानों में रहें। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बारे में कोई विधेयक लायें। मुझे विश्वास है कि वह इस सम्बन्ध में एक लिस्ट भी सदन के सामने रखेंगे।

दिल्ली के किरायेदारों के प्रति मंत्री महोदय ने जिस हमदर्दी का इजहार किया है, उसे देख कर मुझे बहुत हौसला हुआ है। मुझे विश्वास है कि ऐसे मंत्रियों

के रहते हुए उन लोगों के मसले बहुत जल्दी हल होंगे । जहां तक झुग्गी-झोंपड़ियों का प्रश्न है वे लोग पच्चीस गज के प्लाट के मालिक भी नहीं बन पाते हैं । लेकिन जिन लोगों के पास एक हजार गज के प्लाट हैं, वे उन के मालिक बन जाते हैं । छोटे प्लाट वालों के साथ सब से ज्यादा सख्ती बरती जाती है, जबकि बड़े प्लाट वालों को बिजली और पानी आदि की सब सुविधायें दी जाती हैं । बेचारे छोटे प्लाट वालों को सुबह से शाम तक इंस्पैक्टरों के सामने परेड करनी पड़ती है । जब मंत्री महोदय को उन लोगों के साथ हमदर्दी है, तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में इसी सत्र में एक विधेयक लायेंगे । (व्यवधान)

मैं श्री बड़े की भी तारीफ करता हूं कि उन्होंने मेरा समर्थन किया है । पिछली बार मैं उन की कृपा से इस सदन में आया था. मैं उन को धन्यवाद देता हूं ।

मैं प्रार्थना करता हूं कि मुझे अपने विधेयक को वापिस लेने की अनुमति दी जाये ।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That leave be granted to Shri Shashi Bhushan to withdraw the Bill further to amend the Delhi Rent Control Act, 1958."

The motion was adopted.

SHRI SHASHI BHUSHAN: withdraw the Bill.

17.53 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(Amendment of article 80 and omission of Fourth Schedule)

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI (Gauhati): I beg to move:

"That the Bill further to amend the Constitution of India be taken into consideration."

My Bill calls for an amendment of Article 80 and the Fourth Schedule of the Constitution. Now, Art. 80 of the Constitution deals with representation to Rajya Sabha and Art. 80(1) states:

"The Council of States shall consist of—

(a) twelve members to be nominated by the President in accordance with the provisions of clause (3); and

(b) not more than two hundred and thirty-eight representatives of the States and of the Union territories."

Of these 238 representatives, the allocation of seats in the Council of States is made according to sub-clause (2) of Art. 80 which states:

"The allocation of seats in the Council of States to be filled by representatives of the States and of the Union territories shall be in accordance with the provisions in that behalf contained in the Fourth Schedule."

In the Fourth Schedule, the allocations have been made and at the present moment, the strength of the Council of States is 231 and from a perusal of the Fourth Schedule you will find that the representation of ten States comes to 40 and representation of four Union territories comes to 5. That means that ten States and four Union territories contribute to the Council of States 45 representatives whereas 11 States contribute to the Council of States representatives. I have by this amendment sought for an amendment of Article 80 and I have said that Council of States should consist of 12 members to be nominated by the President in accordance with the provision of clause 2 as is the existing provision. But what I have asked for and what is important in the Bill is that there should be equal repre-

sentation of all the States in the Council of States. There should not be an arbitrary figure of—for example the highest number of 30 from U.P., 22 from Bihar, or the lowest number of 3 from Nagaland or 1 from let us say Manipur, and so on and so forth.

Now, under the provisions of the Constitution each State enjoys equal status and, therefore, my first argument in support of my Bill will be that under the provisions of the Constitution each States enjoys equal status. Under the Consitution they should also have equal representation in the Council of States, otherwise though in the parallel provision of the Constitution we have tried to give equal status to all the States, so far as most important aspect of the representation . . .

श्री मूलचंद डागा (पाली) : क्या एक करोड़ की जनसंख्या वाली स्टेट को भी उतना ही रिप्रेजेन्टेशन मिलेगा, जितना कि 9 करोड़ की जनसंख्या वाली स्टेट को मिलेगा ? क्या उन दोनों का प्रतिनिधित्व बराबर होगा ?

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI: I am not saying that will be, because higher the number of population, the higher will be the representation in the House of People—which is the first body when policies are determined. But in the other chamber, the Rajya Sabha or the Council of States which is said to be a corrective chamber, the same principle should not govern the representation. Supposing by weight of population certain States get certain weightage in their favour in this House, obviously, there should be a corrective chamber and the corrective chamber is the Rajya Sabha where all the States should have equal representation so that they can come forward to view action taken in this House dispassionately divorced from the weightage of popualtion that may lead to measures in a particular direction in this House. Sir, if you look . . .

MR. CHAIRMAN: He can continue on the next occasion. Now, Shri Raghu Ramaiah will present the report of the Business Advisory Committee.

17.58 hrs

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

FIFTY-FIFTH REPORT

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K RAGHU RAMAIAH): I beg to present the Fifty-fifth Report of the Business Advisory Committee

SHRI M. C. DAGA (Pali): I would like to know only this, namely whether th e Business Advisory Committee has recommended the extension of the session or not.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: We will end the session on 9th.

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned till . . . . .

SHRI K. RAGHU RAMAIAH. I may say that the recommendation of the Business Advisory Committee has to be endorsed by the House on Monday. I am saying it because I do not want it to be said that we have anticipated the decision of the House.

SHRI R. S. PANDEY (Rajnandgaon): We are coming on Monday.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: You asked me for the recommenadtion. I said this in the recommendation but subject to the approval of the House.

SHRI R. S. PANDEY: It becomes valid for Monday.

MR CHAIRMAN: The House stands adjourned to re-assemble at 11 A.M. on Monday, the 5th May, 1975.

18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, May 5, 1975/Vaisakha 15, 1897 (Saka).

GMGIPND—LS III—695 LS 21-6-75— 978.